


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 27 मार्च 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 58 | मूल्य - 5 रुपये









## मप्र के छिंदवाड़ा में बस और पिकअप वाहन की टक्कर में 10 लोगों की मौत, 31 घायल..



छिंदवाड़ा (भाषा)।

***मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में बृहस्पतिवार शाम को सार्वजनिक कार्यक्रम से लौट रही एक बस और एक पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। इस***

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की तथा साथ ही यह घोषणा भी की कि सभी घायलों का इलाज मुफ्त में किया जाएगा। कांग्रेस ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घटनाक्रम की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की और इसकी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का आग्रह किया।

### भयावह स्थिति हुई उत्पन्न..

गौरतलब है कि छिंदवाड़ा के सिमरिया में बस और पिकअप की टक्कर के बाद चारों तरफचीख-पुकार गूंजने लगी। कुछ ही पलों में खुशियों से भरी बस मातम में बदल गई। सड़क पर बिखरे जूते-चप्पल, टूटी सीटें और खून से सना डामर हर चीज इस हादसे की भयावह कहानी बयां कर रही थी। लोग अपनों को ढूंढते हुए बेसुध इधर-उधर भाग रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई यात्रियों के शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। एक महिला और मासूम बच्चे का हाथ कटकर अलग जा गिरा, तो कई लोगों के सिर फट गए। घायल सड़क पर तड़पते रहे, कोई पानी के लिए पुकार रहा था, तो कोई दर्द से कराहते हुए मदद की गुहार लगा रहा था।

### बोले पुलिस अधीक्षक..

पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर नागपुर रोड पर सिमरिया के पास हुई। उन्होंने बताया कि हादसे में छह पुरुष, तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। छिंदवाड़ा के कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने बताया कि चिकित्सकों के अनुसार 31 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से तीन से चार की हालत गंभीर है। उनमें से एक को इलाज के लिए पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने आगे बताया कि 10 मृतकों में बस के आठ यात्रियों के साथ-साथ पिकअप वाहन का चालक और एक खलासी भी शामिल हैं।

अधिकारियों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस और अन्य वाहनों के माध्यम से जिला अस्पताल और अन्य अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। बस छिंदवाड़ा शहर के पुलिस मैदान में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम से लौट रही थी, जहां मुख्यमंत्री यादव ने 506 करोड़ रुपये की लागत वाली 105 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

## आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में बस में आग लगने से 14 लोगों की मौत, 22 अन्य घायल..



रायवरम (भाषा)।

***आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में बृहस्पतिवार को एक निजी बस की एक ट्रक से टक्कर होने के बाद उसमें आग लग जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 22 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में***

पांच माह का बच्चा और पांच महिला शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में अधिकतर राजमिस्त्री और निर्माण क्षेत्र में कार्यरत लोग थे। एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पांच महीने के बच्चे की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या 14 हो गई है।'' उन्होंने बताया कि दुर्घटना में बच्चे के पिता की मौत हो गई जबकि उसकी मां जीवित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक जताया। यह दुर्घटना सुबह 5:30 बजे से छह बजे के बीच पोडिली जाने वाली सड़क पर रायवरम गांव के पास हुई, जब एक बस ट्रक के ईंधन टैंक से टकरा गई और इसमें भीषण आग लग गई। राज्य की गृह मंत्री वंगलापुडी अनीता ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में 41 लोग सवार थे।

मार्कापुरम जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि प्रथम दृष्टया बस चालक की गलती पाई गई है क्योंकि उसने कथित तौर पर गलत लेन में जाकर ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि बस चालक के स्टीयरिंग व्हील के जाम होने के दावे की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्री ही हताहत हुए जबकि बस और ट्रक के चालक सुरक्षित हैं। राजू के अनुसार, ट्रक चालक और खलासी फरार हैं जबकि एक बस चालक पुलिस हिरासत में है और दूसरा अस्पताल में भर्ती है।

राजू ने बताया कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बस चालक ने हादसे से सिर्फ आधा घंटा पहले ही वाहन चलाना शुरू किया था जबकि दूसरा चालक बुधवार शाम पांच बजे से बृहस्पतिवार सुबह पांच बजे तक गाड़ी चला रहा था। निजी बस तेलंगाना के जगतियाल से नेल्लोर जिले के कालीगिरी जा रही थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में बस हादसे के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।''

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में लोगों के मारे जाने पर दुख जताया और प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।**




## हरियाणा के किसानों को 10 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिले

चंडीगढ़, (भाषा)।

हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) ने हरियाणा में बिजली वितरण कंपनियों के लिए 2026-27 के लिए शुल्क संबंधी आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार, किसानों को विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए 10 पैसे प्रति यूनिट की रियायती दर पर बिजली मिलती रहेगी। बिजली आपूर्ति की लागत 7.35 रुपये से बढ़कर 7.48 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। इसके चलते राज्य सरकार 1,088.61 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी देगी, जिससे 2026-27 में कुल सब्सिडी 7,870.32 करोड़ रुपये हो जाएगी, जो पिछले वर्ष 6,781.71 करोड़ रुपये थी। हरियाणा में 83.79 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें ट्यूबवेल कनेक्शन वाले लगभग 7.15 लाख किसान शामिल हैं।

## पश्चिम एशिया संघर्ष पर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर उनकी तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ***

बैठक करेंगे। यह संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के साथ शुरू हुआ था। ईरान ने भी खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले कर जवाबी कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया, ''प्रधानमंत्री कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष पर बातचीत करेंगे, ताकि राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की जा सके।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ प्रयासों में तालमेल सुनिश्चित करना होगा।'' जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, उन राज्यों के मुख्यमंत्री, आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय, चुनाव वाले राज्यों - तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ एक अलग बैठक करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने गत सोमवार को लोकसभा में कहा था कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए यह भी कहा कि इस संकट का सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के हालात ने भारत के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं जो आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवीय सुरक्षा से जुड़ी हैं।

**उन्होंने कहा, ''यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज में संदेश दुनिया में जाए।'' उसी दिन बाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''कोविड-19 महामारी के बाद से चुनौतियां लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसा कोई वर्ष नहीं बीता जिसने भारत और भारतीयों की परीक्षा न ली हो। लेकिन 1.4 अरब भारतीयों के एकजुट प्रयासों से भारत हर आपदा का सामना करते हुए आगे बढ़ रहा है।''**



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## श्रीराम जय घोष के साथ श्रीराम जन्मोत्सव पशचात् नगर भ्रमण पर निकलेगी रामनवमी की विशाल शोभायात्रा..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जय श्रीराम के जय घोष से गुंजायमान और हजारों दीपों की जगमग रोशनी से जगमगाता श्रीराम दरबार गांधी चौक शुक्रवारी जहां चैत्र नवरात्र के साथ नव वर्ष के इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित सनातनी बंधुओं, मातृशक्ति सहित हर वर्ग के श्रृद्धालुओं की भीड़ बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

ज्ञात हो कि विगत 15 वर्षों से लगातार नगर के हृदय स्थल नाम से पहचाने जाने वाला गांधी चौक (शुक्रवारी) जहां श्रीराम दरबार में शाम होते ही सभी उम्र के श्रृद्धालुओं की भीड़ आकर्षक साज सज्जा से सजे श्रीराम दरबार के दर्शन करने उमड़ रही है जहां रात्रि 8 बजे से सुमधुर भजन, स्तुति और सामूहिक महाआरती में अपनी व अपने परिवार जनों की उपस्थिति दर्ज करा पुण्य लाभ अर्जित कर व प्रसाद प्राप्त करने के प्रति हर रोज आतुर रहती है। ज्ञात हो कि विगत 23 मार्च 2026 को नगर के हृदय स्थल गांधी चौक के मंच पर स्थापित श्रीराम दरबार में आस्था की डुबकी लगाने के लिए सभी धर्मों के अनुयायियों की उपस्थिति रहती है वहीं श्रीराम जी की आरती उतारने और इस पल का साक्षी बनने के लिए हर वर्ग के सनातनी बंधुओं, मातृ-शक्तियों की अपार भीड़ पूरे श्रृद्धाभाव से लालायित रहते हैं। सर्व प्रथम भारत माता की जय कार और पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रगान का गायन होता है तत्पश्चात् श्रीराम स्तुति और फिर श्रीराम जी के गगनभेदी जयघोष के बाद सामूहिक महाआरती का विहंगम दृश्य सैंकड़ों दीपों की रोशनी से जगमगाता श्रीराम दरबार अदभुत और अलौकिक नजर आता है। इसी कड़ी में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से रामनवमी के शुभ अवसर पर गांधी चौक, शुक्रवारी स्थित श्रीराम मंदिर में प्रातः से भजन-कीर्तन, पूजा अर्चना के साथ भक्तों की उपस्थिति में दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव संगीतमय भजन सहित पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। तत्पश्चात् श्रीराम मंदिर प्रांगण



से ही दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा भगवान श्रीराम जी की जय जयकार के साथ निकाली जाएगी जो श्रीराम मंदिर से काली चौक, बसोड़ी मोहल्ला बरघाट रोड, गणेश चौक, जैन मंदिर से शुक्रवारी होते हुए गिरजाकुंड, ढीमरी मोहल्ला, छिंदवाड़ा चौक से नगरपालिका चौक के बाद नेहरू रोड होकर पुनः शुक्रवारी चौक पहुंचकर शोभायात्रा का अंतिम पड़ाव होगा, जहां महाप्रसाद वितरण के पश्चात् कार्यक्रम का समापन होगा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने नगर के सभी धर्म प्रेमी जनमानस से परिवार सहित पारंपरिक वेशभूषा में श्रीराम जन्मोत्सव पर एंव श्रीराम दरबार की भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर भव्यता प्रदान करने की अपील की है।

## पर्यावरण का उद्देश्य सफल जीवन शैली को अपनाना है : संयुक्त उईके







**जगप्रेरणा सिवनी।**

पर्यावरण शिक्षण का मुख्य उद्देश्य सतत जीवन शैली को अपनाना है जिसका अर्थ है संसाधनों का विवेक पूर्ण उपयोग अवशिष्ट काम करना और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुना यह सचेत उपभोग और आंतों में बदलाव के माध्यम से प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने का पर केंद्रित है।

प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया यह आंदोलन व्यक्तिगत व्यवहार में बदलाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाना चाहता है सतत जीवन शैली का अर्थ है पृथ्वी के संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग करना और अपने पर्यावरण प्रभाव को कम करना इसका उद्देश्य ऊर्जा की खपत कम करना अवशिष्ट को कम करना स्थानीय उत्पादों का उपयोग करना और कार्बन फुटप्रिंट को घटकर भाभी वीडियो के लिए एक स्वस्थ ग्रह सुनिश्चित करना है उक्त उठकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी साल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग की एडीपीसी संयुक्त उईके ने व्यक्त किया

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के एपीसी संजीव राय ने कहा पर्यावरण शिक्षा द्वारा लोगों को पर्यावरण समस्याओं वैकल्पिक संसाधनों एवं युक्त तथा सतत विकास के प्रति जागरूक किया जाए प्राकृतिक संसाधनों के स्थान पर वैकल्पिक संसाधनों को उपयोग में लाया जा सकता है जो पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचती हैं साथ-साथ प्रकृति संसाधनों का संरक्षण भी करते हैं

इस अवसर पर जैविक कृषि विशेषज्ञ प्रदीप रहगंडाले द्वारा विभिन्न खाद के माध्यम से किस किस तरह से हम लोगों को करो से होने वाली अनेक बीमारियों से बचा सकते हैं जिसको लेकर उन्होंने विस्तार से अपनी बात रखी साथ ही उन्होंने अनेक प्रकार के उदाहरण रखें जिससे आप अपने आप को रोगों से बचा सकते हैं। कृषि अनुसंधान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर रामटेक ने भी इस आयोजन के दौरान वैज्ञानिक पक्ष को रखते हुए अपनी बात रखी साथ ही बच्चों से पॉलिथीन का उपयोग न करने को लेकर उसके दुष्परिणामों से अवगत कराया कार्यक्रम का संचालन इफको क्लब की संयोजक श्रीमती पूजा पांडे ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में साल की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे ने सतत विकास का अर्थ वर्तमान में वीडियो की आवश्यकता को पूरा करते हुए भविष्य की पीडिया के लिए संसाधनों को बचाना है तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी मुख्य भूमिका प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग एवं जैव विविधता बनाए रखने एवं प्रदूषण कम करने की बात कही

इस अवसर पर श्रीमती अंजना राय अखिल खान ऋचा सनोडिया शिखा पटेल अनीता मिश्रा अनीता दीक्षित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम में नंदकिशोर रंग डाले रामेश्वर बिसेन जयदीप बघेल नेहा रानी साहू एवं इको क्लब की अध्यक्ष माही यादव भूमि प राते सहित सहित 70 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया शाला का समस्त स्टाफइस अवसर पर उपस्थित रहा यह कार्यक्रम मिशन लाइफ अंतर्गत आयोजित किया गया इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता एवं पांच पक्षियों के घोसले बनाने तथा वृक्षारोपण के महत्व को लेकर किया था अंत में श्रीमती पूजा पांडे ने उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## धूमा पुलिस ने पकडा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश से भरा ट्रक, कार्यवाही जारी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिले में हो रहे अवैध गौ-वंश परिवहन के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 24.03.26 की रात्रि में मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बंजारी के पास हड्डी गोदाम के सामने जंगल तरफ से ट्रक क्रं. **MP 22 H 1353** में अवैध गौवंश क्रुरता पुर्वक भरकर नागपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन में बिना देर किये मौका की कार्यवाही हेतु थाना स्टाफआर. चन्द्रभान उड़के एवं गवाहान संजय पिता शंकरलाल झारिया को जरिये मोबाइल के सूचना देकर बुलाया एवं हमराह लेकर बंजारी के पास हड्डेी गोदाम के सामने जंगल के पास में नाकाबन्दी की गई। जो ट्रक क्रं. **MP 22 H 1353** बंजारी के जंगल तरफसे आते हुआ दिखा जो उक्त ट्रक वाहन का चालक अपने ट्रक वाहन को तेज रफ्तार में चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे हमराह स्टाफ के स्टापर लगाकर





बमुसकिल रोका गया। जो ट्रक क्र. **MP 22 H 1353** के चालक एवं उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर ट्रक छोडकर भाग गये। ट्रक वाहन जिसका डाला के पीछे पटिया व रस्सी से बंधा हुआ था जिसे चेक करने पर गौवंश मवेशी रस्सी से क्रूरता पूर्वक भरे पाये गये। ट्रक वाहन में मौके पर ट्रक के डाला की पटिया हटवाकर गौवंश मवेशी की गणना करवाई गई ट्रक वाहन में ।। नग गाय, 05 नग बैल, 03 नग नाटे व 03 नग बछिया एवं 01 नग मृत बछिया कुल 23 नग गौवंश मवेशी क्रुरता पूर्वक रस्सीयों से बंधे हुये सभी कृषि योग्य पशु पाये गये। जिनको रस्सीयों से क्रुरता पूर्वक बांधकर कृषि योग्य पशुओ को वध करने की नियत से बिना चारा, पानी, भूसा के बिना क्रय विक्रय के दस्तावेजो डाक्टरी रिर्पोट के ले जाते हुये पाये गये। ट्रक वाहन में कुल 23 नग गौवंश मवेशी की कीमती लगभग 80,000 रु/- तथा ट्रक के. **MP 22 H 1353** की कीमत लगभग 5,00,000 रू की होगी जो हमराह स्टाफ के मौके की कार्यवाही कर ट्रक वाहन के डाला में पाई गई गौवंश मवेशी एवं ट्रक वाहन को बिना दस्तावेजो के जप्ती किया। गौवंश मवेशीयो को नागनदेवरी गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाकर पावती प्राप्त की गई। अज्ञात आरोपीगणो के द्वारा गौवंश मवेशी का क्रुरतापुर्वक परिवहन करने से आरोपीगणो का कृत्य अपराध गौवंश धाराओं का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। **जप्ती-** ट्रक वाहन में कुल 23 नग गौवंश मवेशी की कीमती लगभग 80,000 रु/- तथा ट्रक क्रं. **MP 22 H 1353** की कीमत लगभग 5,00,000/- उक्त कार्यवाही मे निरी.0 डोमन सिंह मरावी, सउनि जयराम ठाकुर, सउनि कन्हैयालाल धुर्वे, आर. अरूण पटेल, आर. रवि यादव, आर. भैय्यन अंसारी, आर. चन्द्रभान शाह उड़के एवं डायल पायलेट गजेन्द्र एवं राजेन्द्र का सराहनी योगदान रहा।

## प्रियल यादव को मिला श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिला में प्रथम स्थान..

**जगप्रेरणा केवलारी।**

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है केवलारी के प्रतिष्ठित यादव परिवार के प्रमोद यादव, महेंद्र यादव के छोटे भाई दीपक यादव की होनहार सुपुत्री प्रियल यादव ने श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में पूरे सिवनी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।प्रियल की सफलता का सिलसिला यहीं नहीं थमा; उन्होंने संदीपनी स्कूल केवलारी में कक्षा 5वीं (हिंदी माध्यम) की परीक्षा में भी 82त्न अंक हासिल कर विद्यालय में भी प्रथम किया है। अपनी इस दोहरी सफलता का श्रेय प्रियल ने



अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। प्रियल की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर उनके परिवार और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। एवं सभी प्रियल को बधाई के साथ उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित किया।

## जुगल जोड़ी ने सिवनी नगर के हर काम को बहुत ही कठिन कर दिया है : आदित्य

**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी नगर पालिका क्षेत्र में लगातार जलापूर्ति बाधित हो रही है एवं गंदा पानी आना बंद नहीं हो रहा है त्यौहारो के समय पानी नही आने से लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ जाती है ये नौ दिन उपासना के रहते है धार्मिक लोग की कोशिश यह रहती है कि अधिक से अधिक समय भगवान की स्तुति में दे लेकिन नगरपालिका की निष्क्रियता के चलते स्तुती को छोड़ पानी लेने के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि नगरपालिका कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया और मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल मर्सकोले की जुगल जोड़ी ने सिवनी नगर के हर काम को बहुत ही कठिन कर दिया है जिससे की आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सप्ताह में दो से तीन बार नगर में जलापूर्ति बाधित होना यह दर्शाता है कि नगरपालिका में कोई भी जल प्रदाय से संबंधित तकनीक में निपुण व्यक्ति काम नहीं कर रहा है जो कि पाईप लाइन के रख रखाव और मरम्मत ठीक ढंग से करा सके जिससे कि नगर के लोगो को बिना कष्ट के पानी मिल सकें। नगरपालिका में जो मरम्मत का कार्य कर रहें है वह सब दैनिक मजदूरी या आउससोर्स से रखे गये कर्मचारी है यही कारण है कि तकनीकि रूप से कार्य नहीं होने के कारण बार बार जलापूर्ति बाधित हो रही है।

ज्ञानचंद सनोडिया के कार्यकारी अध्यक्ष बनते ही नगर को अनेक समस्याओं से जुझना पड़ रहा है यह वही ज्ञानचंद सनोडिय है जो पार्षद रहते हुये दशहरे के दिन नगरपालिका के सामने पानी को लेकर चक्का जाम कराये थे, उनकी कथनी और करनी में हमेशा अंतर रहा है।

सत्ता मिलते ही लोगो की समस्याओं को यह भूल जाते है इन्हें सत्ता मिलने का परिणाम यह है जो आर्थिक रूप से सम्पन्न है वह तो खरीदकर आरो और मिनरल वाटर पी लेंगे किन्तु नगर की गरीब जनता गंदा पानी पीने मजबूर है। पानी के लिए सुबह से लोग इधर उधर दौड़ लगाते देखे जा सकते है। सत्ता के नशे में चूर भाजपा के जनप्रतिनिधि यह सब जन समस्याओं का तमाशा देख रहें है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## कलबोड़ी में मारुति नर्सिंग कॉलेज पर पंचायत टैक्स न देने का आरोप, कलेक्टर से जनसुनवाई में शिकायत..

### बिना अनुमति चार मंजिला भवन निर्माण और कर बकाया को लेकर सरपंच ने उठाई आवाज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

विकासखंड कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत कलबोड़ी में स्थित मारुति नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ पंचायत कर (टैक्स) न चुकाने और बिना अनुमति भवन निर्माण करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच नरेश द्वारा कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया कि मारुति नर्सिंग कॉलेज द्वारा चार मंजिला भवन का निर्माण ग्राम पंचायत की अनुमति लिए बिना



ही कर लिया गया। इसके साथ ही कॉलेज प्रबंधन द्वारा संपत्ति कर एवं भूमि कर का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। सरपंच ने बताया कि इस संबंध में पहले भी कॉलेज प्रबंधन को विधिवत सूचना देकर ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर कर जमा करने के लिए कहा गया था, लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद जनपद पंचायत कुरई में लिखित आवेदन दिया गया और अब कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचकर मामले की शिकायत की गई है। ग्राम पंचायत ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा बकाया कर की वसूली सुनिश्चित की जाए।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें.. हसीब मोहम्मद 7898530101

## लखनादौन में वनोपज सहकारी समितियों की कार्यशाला संपन्न..

**जगप्रेरणा लखनादौन।**

जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी एवं उत्तर वनमंडल सिवनी के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के तत्वाधान में लखनादौन में वनोपज समितियों के संचालकों एवं सदस्यों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.डी.ओ. उत्तर वनमंडल लखनादौन गोपाल सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता अंकेक्षण अधिकारी सहकारिता विभाग सिवनी एवं प्रशासक जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी एन.डी. कटरे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यशाला में एन.डी. कटरे ने समिति प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए सहकारी समितियों के सफल संचालन के गुर बताए तथा सहकारिता विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ने वनोपज के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि वनों से प्राप्त जीवनोपयोगी संसाधन ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने समितियों को वनोपज संग्रहण के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर उत्तर वनमंडल सिवनी के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां–लखनादौन, आदेगांव, नागनदेवरी, सनाई डोगरी, धूमा, परासिया एवं शिकारा सहित अन्य समितियों के अध्यक्षों, संचालकों एवं सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी के प्रबंधक पी.के. सूर्यवंशी ने किया, जबकि अंत में वनोपज समिति लखनादौन के प्रबंधक जयसिंह अहिरवार ने आभार व्यक्त किया। इस प्रकार कार्यशाला ज्ञानवर्धक एवं सफल रही, जिसमें वनोपज समितियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।



## रूई फैक्ट्री में भीषण आग से हड़कंप

### बाजू में स्थित गैस एजेंसी को आनन–फानन में कराया गया खाली..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कान्हीवाड़ा-मटियाटोला रोड पर स्थित एक रूई फैक्ट्री अचानक भीषण आग लग गई है। आग इतनी भयावह है कि उसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

### गैस एजेंसी के पास होने से बढ़ा खतरा..

घटनास्थल के ठीक बाजू में एचपी गैस एजेंसी स्थित है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन और स्थानीय लोगों द्वारा गैस एजेंसी को आनन-फानन में खाली कराया जा रहा है ताकि किसी भी तरह की जनहानि या बड़े विस्फोट को टाला जा सके।

### आग बुझाने के प्रयास जारी..







रुई फैक्ट्री में लगी इस भीषण आग की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन फैक्ट्री में रखा भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ आग को और भड़का रहा है। क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है और ग्रामीण भी अपने स्तर पर बचाव कार्य में जुटे हैं।

## सड़क हादसे में एक बुजुर्ग सहित तीन व्यक्ति घायल..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत झोला ग्राम के पास बीती रात सड़क हादसे में एक बुजुर्ग सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए। एक बाइक सवार केवलारी से डोभ ग्राम की ओर जा रहा था।

दूसरी बाइक पर सवार दो लोग सहपुरी ग्राम की तरफजा रहे थे। जब दोनों वाहन झोला ग्राम के पास पहुंचे, तो किसी अज्ञात कारण उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। घायलों में धनीराम विश्वकर्मा (65) और आकाश मारवी (27) को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि रामकुमार विश्वकर्मा (38) को मामूली चोट लगी है।

घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस द्वारा घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

केवलारी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने बताया कि उन्हें बाइकों की भिड़ंत की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। एक घायल के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


### श्रीराम मंदिर ट्रस्ट एवं विहिप के संयुक्त तत्वाधान में

# बालाघाट शहर में श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, श्रीराम भक्ति से सराबोर हुआ नगर..

## विभिन्न झांकियां और आतिशबाजी रही मुख्य आकर्षण का केन्द्र








जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर ट्रस्ट एवं विश्व हिंदु परिषद के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम जन्मोत्सव पर धुमधाम से पुराने श्री राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा के साथ ही पुरे नगर को श्रीराम जन्मोत्सव पर आकर्षक लाईटिंग से जगमग कर दिया गया।***

ज्ञात हो कि गुरूवार का दिन शहर वासियों के लिए भगवान श्रीराम के नाम रहा। चारों तरफ भगवान श्रीराम के जयघोष की गूंज रही। भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव जिले भर में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। पुराने श्रीराम मंदिर में शाम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पूर्व दोपहर में 12 बजे पुराने श्रीराम मंदिर में विशेष आरती व धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न कराए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।

शहर के काली पुतली हनुमान मंदिर सहित अन्य राम व हनुमान मंदिरों में राम जन्मोत्व की धूम नजर आई। पुराने श्रीराम मंदिर से शुरु होकर शोभायात्रा हनुमान मंदिर पहुंची। यहां पुजारी पुरोहित और पंडितों ने ने प्रभु श्रीराम का तिलक वंदन किया गया। शोभायात्रा काली पुतली चौक पहुंची। यहां जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने शोभयात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा मेन रोड होते हुए राजघाट चौक, महावीर चौक, सराफा होते हुए हनुमान चौक पहुंची। यहां प्रति वर्ष की तरह भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया। इसके पूर्व अंबेडकर चौक में भी शानदार आतिशबाजी प्रस्तुत की गई। हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। यहां से यह शोभायात्रा सर्किट हाउस रोड होते हुए लिबर्टी टेलर गली से वापस पुराने श्रीराम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई।

### पालकी पर निकले रामलला..

इस बार आयोजन को और भव्य व धार्मिक बनाते हुए पुराने श्रीराम मंदिर से रामलला की पालकी निकाली गई। पालकी में भगवान श्रीराम, माता सीता की दिव्य प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। पालकी शोभायात्रा जहां-जहां से गुजरी शहरवासी दर्शन के लिए लालायित नजर आए। सभी ने उनके चरण पखारे और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

### झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की झांकी के अलावा उज्जैन से बुलाए गए कलाकारों ने वेषभूषा में अपनी कला का शानदान प्रदर्शन किया। भगवान हनुमान, वानर सेना के अलावा तांडव नृत्य करते शिवजी, परशुराम सहित अन्य जीवंत झांकियां शामिल रही, जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। पूरी शोभायात्रा के दौरान रामभक्त युवा श्रीराम धुनों पर नाचते थिरकते नजर आए। इन शोभायात्रा में जनप्रतिनिधि, अधिकारी के अलावा विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर रामधुनों पर खूब नृत्य किया।

### धर्ममय हुआ शहर

शोभायात्रा में पुराने श्रीराम मंदिर से निकलने के दौरान से शहर के गणमान्यजन प्रमुख रूप से शामिल रहे, जो पूरी शोभायात्रा के दौरान पद्यात्रा करते दिखाई दिए। शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम का उद्घोष गूंजते रहा, पूरा शहर श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा। हजारों की संख्या में भगवा ध्वज लेकर जनसैलाब शामिल रहा। शोभायात्रा को देखने शहर के सभी प्रमुख चौराहों में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। शोभा यात्रा के मद्देनजर शहर के विभिन्न स्थानों में समाजसेवी भक्तजनों ने ठंडे पेय पदार्थ एवं स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था रखी थी। पुलिस व्यवस्था भी मुस्तैद रही।

### 3 अप्रैल से शुरु हो रहे रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के

# बालाघाट महोत्सव मेला का पूजा पाठ कर किया गया भूमिपुजन..

## नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने मारी कुदाली..

## रोटरी क्लब अध्यक्ष सुकुमार जैन ने कहा.. बोले बालाघाट महोत्सव छोटे उत्पादकों को देगा बड़ा अवसर..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के 3 अप्रैल से शुरू हो रहे बालाघाट महोत्सव मेला का आज भूमिपूजन नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े के हस्ते पूजन और कुदाली मारकर किया गया।***

03 अप्रैल से एक ही छत के नीचे फुड और मनोरंजन के साथ व्यवसायिक गतिविधियों तथा नई प्रतिभाओं को मौका देने आ रहा है बालाघाट महोत्सव। जिसमें ना केवल रोटरी क्लब ऑफवैनगंगा के सिग्नेचर इवेट लिटिल चैंप का आयोजन होगा बल्कि नई प्रस्तुतियो में इस बार डांस इंडिया डांस, वाईस ऑफ बालाघाट, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। जबकि बच्चों के सांस्कृतिक, और रचनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। पहली बार रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा ने 9 अप्रैल को भजन बैठक करने जा रहा है। जो लाईव कंसर्ट होगा। जिसमें कलाकार अपने कला की प्रस्तुति देगे।

### बोले अध्यक्ष रोटेरियन सुकुमार जैन..

रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के आगामी 03 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले बालाघाट महोत्सव को लेकर अध्यक्ष रोटे. सुकुमार जैन ने बताया कि क्लब का बालाघाट महोत्सव मेला, प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत और जिले का सबसे बड़ा व्यापार और सांस्कृतिक मेला है, जो इस वर्ष उत्कृष्ट विद्यालय मैदान के डेढ़ लाख वर्गफीट में आयोजित किया जा रहा है। बालाघाट महोत्सव के माध्यम से क्लब, बालाघाट जैसे जिले में देश के बड़े महानगरों के उत्पादकों को आमंत्रित कर उत्पादों की विशाल श्रृंखला का निर्माण कर ग्राहक को सीधे वितरक और निर्माता के साथ कनेक्ट करता है। यही नहीं बल्कि स्कूली विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए इंटर स्कूल काम्पीटिशन जैसी गतिविधियों का आयोजन कर उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोगी बनता है। मेले में, बच्चों और बड़ो के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूलो के साथ ही मनोरंजक गेम्स और फुड प्रेमियो के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों की बगिया सजाता है, ताकि महोत्सव में शामिल होने वाले लोग, पूरे परिवार के साथ, सांस्कृतिक, मनोरंजन और फुड का आनंद उठा सके। उन्होंने बताया कि बालाघाट महोत्सव के तय कार्यक्रम अनुसार, 3 अप्रैल को सायंकाल बालाघाट महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ किया जाएगा। इससे पूर्व कार रैली निकालकर, नगरवासियों को महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जबकि 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक इंटर स्कूल काम्पीटिशन, 9 अप्रैल को भजन जामिंग, 10 अप्रैल को लिटिल चैंप, 11 अप्रैल को डांस इंडिया डांस के तहत ग्रुप और सोलो डांस और 12 अप्रैल को पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम होगा।


|| श्री जीणमाता की जय ||   || जय गुलाब बाबा नमः ||

प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।



वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती पर मरार समाज ने निकाली ऐतिहासिक रैली..

● अतिथियों ने दिये उदबोधन..
● हजारो की संख्या में एकत्रित हुये समाजबंधु..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला मरारमाली समाज बालाघाट के तत्वावधान में आज 26 मार्च को चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मरार समाज द्वारा ऐतिहासिक रैली निकाली गई। जो शहर भ्रमण पश्चात***

स्थानीय कमला नेहरू प्रांगण पहुंची। जहां मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियो ने उदबोधन दिये और सम्राट अशोक के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिले भर से हजारो की संख्या में स्वजातीय नागरिक उपस्थित हुये। जिन्होने कार्यक्रम कोसफल बनाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया। सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती के अवसर पर जिला मरार माली समाज के पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ माता सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास बूढी बालाघाट से किया गया। जहां मोटर सायकल में सवार होकर हजारो की संख्या में लोग झण्डे बेनर लेकर निकले, वही 4 पहिया वाहनों में भी लोग सवार होकर रैली में हिस्सा लिये। माता सावित्री कन्या छात्रावास से रानी अवंती बाई चौक, बैहर रोड होते हुये वाहन रैली बायपास पहुंची और वहां से राष्ट्रपिता महात्मा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले चौक सरेखा पहुंची। जहा दोनो ही महान आलाओं के स्टेच्यू पर समाज के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। तत्पश्चात वाहन रैली वहां से कोसमी होते हुये उडान पुल पर पहुंची और उडान पुल से हनुमान चौक, नया सराफा, महावीर चौक, मुख्य मार्केट, गुजरी चौक होते हुये काली पुतली चौक से अंबेडकर चौक पहुंची। जहां सामाजिक पदाधिकारियों ने डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात रैली स्थानीय कमला नेहरू भवन पहुंची, जहां मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वाहन रैली पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने सर्वप्रथम सम्राट अशोक महान, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री फुले के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन करते हुये मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### बोले डॉ. अशोक मराठे..

कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत पश्चात विचार व्यक्त करने का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सम्राट अशोक के बारे में विचार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का उदघाटन पी जी कालेज के प्राचार्य डॉ.अशोक मराठे ने अपने विचार व्यक्त किये। जिसके पश्चात मुख्यातिथि अखिल भारतीय कुशवाहा समाज महासभा म.प्र. के प्रदेश सचिव राजेश हरदहा ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मरार माली समाज बालाघाट के अध्यक्ष रमेश पंचे ने किया। विशेष अतिथि के रूप में आत्माराम पांचे, अध्यक्ष मरार समाज कल्याण समिति गोंदिया, एल.सी.लांजेवार अध्यक्ष फूलमारी समाज बालाघाट, भरतलाल बढमे अध्यक्ष जम्मु माली समाज बालाघाट, उदयसिंह पंचेश्वर मार्गदर्शक एवं सामाजिक चिंतक तथा सालिकराम मौर्य सामाजिक चिंतक, राजेश मरार सहित दर्जनो विचारको ने अपने विचार रखे। जबकि कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में सीताराम सैनी, सामाजिक चिंतक डी.एल.मानेश्वर संरक्षक जिला मरारमाली समाज बालाघाट, लेखराम मातरे ब्लाक अध्यक्ष जिला मरारमाली समाज बरघाट, सरस्वती पंचेश्वर जिला सभापति महिला प्रकोष्ठ, सुशीला पंचाले जिला सभापति व्यापारी प्रकोष्ठ एवं प्रो.नरेन्द्र जामरे सामाजिक चिंतक बालाघाट ने सम्राट अशोक के संदर्भ में अपने विचार रखे। कार्यकम में प्रस्तावना फुले विचार प्रकोष्ठ के जिला सभापति बी.एल.पंचे प्रस्तुत किया। वही कार्यक्रम का मंच संचालन जिला मरारमाली समाज के उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने किया।

### एक युद्ध ने बदल दिया सम्राट अशोक का जीवन..

इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि सम्राट अशोक जैसा महान राजा इतिहास में कोई और नही हुआ। एक युद्ध में हुये वज्रपात ने सम्राट अशोक का जीवन ही बदल दिया और उन्होने उसी समय परोपकार करने का निर्णय ले लिया। अखण्ड भारत का निर्माता सम्राट अशोक ने ही किया। जिस समय सम्राट अशोक का शासन था। तब ईरान, ईराक, अफ्नागिस्थान, पाकिस्तान, बांगलादेश, भूटान, नेपाल सभी देश अखण्ड भारत में समाहित थे। सम्राट अशोक का शासनकाल सहिष्णुता और भाई-चारे का था। किसी के साथ भेदभाव वाला शासन नही था। सम्राट अशोक प्रेम, सहिष्णुता , सत्य, अहिंसा और शाकाहारी जीवन के पक्के समर्थक थे। उनके कार्यकाल में ही अशोक स्तंभ का निर्माण हुआ जो अभी भी भारत की प्रमुख पहचान है। अशोक का चिन्ह भारत की संप्रभुता का प्रतीक है। विचारको ने सम्राट अशोक के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

जिला मरारमाली समाज बालाघाट की अगुवाई में मनाये गये सम्राट अशोक की जन्म जयंती अवसर पर जिले के सभी दस विकासखण्डो से हजारो की संख्या में स्वजातीय नागरिको की उपस्थिति रही। जिले के बैहर, बिरसा, परसवाडा, किरनापुर, लांजी, वारासिवनी, कटंगी, खैरलांजी, लालबर्रा एवं बालाघाट विकासखण्ड के सामाजिक पदाधिकारियो के प्रयासो स्वजातीय नागरिको की उपस्थिति हो सकी।

कार्यक्रम में पुरूषो के साथ ही महिलाओं ने भी बढ चढकर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में हजारो की संख्या में उपस्थित लोगो ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की।

# अभ्युदय वीरा केंद्र महावीर इंटरनेशनल बालाघाट द्वारा किया गया बेबी किट एवं सेनेटरी पैड का वितरण




जगप्रेरणा बालाघाट।

***अभ्युदय वीरा केंद्र महावीर इंटरनेशनल बालाघाट द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर आज जिला चिकित्सालय में जाकर 40 नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरण किया गया। इस बेबी किट के वितरण में अभ्युदय***

वीरा केंद्र की सदस्यो के अलावा महावीर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष आदित्य सेठिया, दीपक जैन मामा, पारख जैन, रोहित सुराना, राहुल बागरेचा, मानव चौरड़िया, ध्रुव वैद्य की उपस्थिति रही। किट वितरण के पश्चात अभ्युदय वीरा केंद्र की सदस्यो ने बालिका गृह जाकर स्टेशनरी जिसमें ड्राइंग बुक पेंसिल रबर ड्राइंग के लिए वॉटर कलर दिए इसके अलावा 25 बालिकाओ को उनके स्वास्थ्य के लिए सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया एवं बालिका गृह में रहने वाली बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। बेबी किट एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम में अभ्युदय वीरा केंद्र की अध्यक्ष वीरा आराधना जैन, सचिव वीरा अलका चौधरी, उपाध्यक्ष वीरा मोनिका एलकर, उपाध्यक्ष वीरा साधना जैन, कोषाध्यक्ष वीरा रैना सुराना, वीरा डॉ. सुधा कांकरिया, वीरा हेमा वाधवानी, वीरा योगिता बोपचे, वीरा ज्योति जैन, वीरा संगीता जैन, वीरा विद्या गौतम, वीरा मीना चावड़ा, वीरा अर्चना जैन मुख्य रूप से शामिल हुए।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

जग प्रेरणा



# विश्व टीबी दिवस पर 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ, उत्कृष्ट योगदान के लिए मायल भरवेली सम्मानित

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर 24 मार्च को जिला क्षय केन्द्र बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के अंतर्गत एक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।***



कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। इस दौरान राज्य स्तर से प्राप्त लिंक के माध्यम से जिले में 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने टीबी रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि क्षय रोग (टीबी) एक पूर्णतः साध्य बीमारी है, जिसका समय पर निदान और नियमित उपचार से पूर्ण इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता ही इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना जैसे लक्षण दिखाई दें, तो वह तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं और उपचार शुरू करें।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में टीबी की जांच और उपचार के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सरकार द्वारा निःशुल्क जांच एवं दवाइयों की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही टीबी मुक्त समाज का निर्माण संभव है।

जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रियवृत सोनकर ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 100 दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी ब्लॉक स्तरों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसमें सक्रिय रूप से संदिग्ध मरीजों की पहचान, जांच, उपचार एवं पोषण सहायता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा में सभी लक्ष्यों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान जिले में टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टीबी मरीजों को पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट वितरित किए गए, जिससे उनके स्वास्थ्य सुधार में सहायता मिल सके।

विशेष रूप से सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अंतर्गत सहयोग प्रदान करने वाली मायल भरवेली को भी सम्मानित किया गया। टीबी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए डॉ. मेधा दवे (एजीएम, हिन्दुस्तान कॉपर प्रोजेक्ट मलाजखंड) एवं श्री विवेक महाकालकर (मायल एचआर प्रबंधक) को जिला कलेक्टर बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मायल भरवेली का यह योगदान समाज के प्रति उसकी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाता है।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रितिक पटेल, डॉ. मेधा दवे, श्री विवेक माहालकर, डॉ. सुनील सिंह (खण्ड चिकित्सा अधिकारी बिरसा), जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिन्द चौधरी सहित एनटीईपी स्टाफऔर अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि सभी नागरिक जागरूक होकर समय पर जांच और उपचार कराएं, तो टीबी जैसी गंभीर बीमारी को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। जिले में चलाया जा रहा 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है।

# परसवाडा में सामुदायिक बीज बैंक का शुभारंभ, परंपरागत बीज संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा..

**जगप्रेरणा परसवाडा।**

***मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में विकासखंड परसवाडा के ग्राम लोटमारा में सामुदायिक बीज बैंक का शुभारंभ किया गया। यह पहल प्रगति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन कनई के अंतर्गत श्रद्धा आजीविका***







स्वसहायता समूह की सदस्य एवं बीज बैंक सखी सुषमा चौधरी के निवास पर प्रारंभ की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक किसनलाल चौधरी द्वारा पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर विकासखंड प्रबंधक संदीप चौरसिया ने सामुदायिक बीज बैंक की महत्ता बताते हुए कहा कि यह पहल देशी एवं पारंपरिक बीजों के संरक्षण, किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने तथा कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी, धान, गेहूं, दलहन एवं तिलहन फसलों के संवर्धन में सहायक सिद्ध होगी।

उद्यानिकी विभाग से उपस्थित शंकरलाल मर्सकोले ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि स्वसहायता समूहों की भागीदारी से परंपरागत खेती को बढ़ावा मिलेगा और रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से बचा जा सकेगा। उन्होंने विभाग की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

बीज बैंक सखी सुषमा चौधरी ने बताया कि वर्तमान में बीज बैंक में धान की 172, गेहूं की 12 सहित विभिन्न सब्जियों, दलहनों व तिलहनों की अनेक पारंपरिक किस्में संरक्षित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद इस कार्य को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा अन्य महिलाओं को भी बीज संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम जनों ने क्षेत्र में हो रहे इस नवाचार की सराहना की। अंत में संगम सीएलएफ की प्रबंधक कुन्ता चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

## इनकी रही उपस्थिति -

किसनलाल चौधरी, संदीप चौरसिया, शंकरलाल मर्सकोले, राकेश मिश्रा, नरेंद्र (पप्पू) शरणागत, सुषमा चौधरी, राजकुमार चौधरी, कुन्ता चौधरी, सुभांगी खरे, रंजीता पनरिया, प्रीति कोकोटिया, चुमेश्वरी पटले, इमरती पडवारे, ज्योति कुर्राम, वर्षा हरिनखेडे, निकिता कुमरे, सरिता चौधरी, योगेश मरकाम, ईश्वरदयाल रहांगडाले, कपुरचंद चौधरी, रोहित हनवत, मुकेश चौधरी सहित अन्य स्वसहायता समूह की दीदियां एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां प्रारंभ





**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

***प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर उकवा बस्ती के वार्ड क्रमांक 7/8 के मध्य स्थित अत्यंत प्राचीन एवं सिद्ध हनुमान मंदिर में तैयारियां जोरो से प्रारंभ है।***

मंदिर के भक्त एवं संरक्षक श्री तरूण रावल ने बताया कि मंदिर के स्थापना के विषय में कोई जानकारी नहीं है और लगभग 100 वर्षों पूर्व से यह मंदिर स्थापित है जिसमें हनुमान जी महाराज बाल रूप में विराजित है। उन्होंने आगे बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव भव्य रूप से एवं धूम धाम से मनाया जाएगा। अप्रैल माह की 2 तारीख दिन गुरुवार को उकवा बस्ती में हवन पूजन तथा महाप्रसाद का वितरण भक्तों द्वारा किया जाएगा। जन्मोत्सव को मनाने हेतु तैयारियां प्रारंभ है। मंदिर में सभी भक्त गण श्रम दान कर अपनी भक्ति को श्री हनुमान जी महाराज के चरणों में अर्पित करते है।

मंदिर के भक्त गण तरूण रावल, संजय बम्परे, शिव कोहरे, पुक्की भैया, संजय अग्रवाल, ओमू चौकसे, संजय गुप्ता, राजेश अग्रवाल, राजेश उईके, सुधीर लोहिया, आदित्य अग्रवाल, एवं उकवा बस्ती के सभी भक्तों द्वारा तैयारियों में अपना निःशुल्क अमूल्य योगदान प्रदान कर रहे है।।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433

# गढ़वाल समाज मण्डल परसवाड़ा का वार्षिक अधिवेशन 29 मार्च को

**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मण्डल परसवाड़ा का वार्षिक अधिवेशन आगामी 29 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 10 बजे गढ़वाल भवन परसवाड़ा में आयोजित किया जाएगा।***

इस अवसर पर समाज के सभी स्वजातीय बन्धुओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा अध्यक्ष श्री रविन्द्र नागेश्वर रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में महासभा उपाध्यक्ष श्री प्रकाश अर्जुनवार, श्री गोविन्द राम खखरे एवं श्री कमलेश नागेश्वर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हरि प्रसाद चांवले करेंगे।

अधिवेशन की शुरुआत अतिथियों के स्वागत सम्मान, दीप प्रज्वलन एवं ईश्वर वंदना से होगी। इसके पश्चात समाज के ब्रह्मलीन आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। आयोजन में महिलाओं की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है।

समाज के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 26 मार्च को जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।***



इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुभागों के एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुडे रहें।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीलों में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जिन तहसीलों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया, वहां के एसडीएम को विशेष रूप से वसूली कार्य में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व वसूली शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसमें तेजी लाना आवश्यक है।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने ज्ञात एवं अज्ञात वाहनों से जुड़े मामलों में पीड़ितों को दी जाने वाली दुर्घटना सहायता राशि समय-सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। इसके साथ ही आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत दर्ज भूमि बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन से जुड़े मामलों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाए और जहां कहीं अतिक्रमण की स्थिति हो, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाए।

सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं एवं राजस्व कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीजी कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष 2026 के जल गंगा संवर्धन अभियान के***

अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 25 मार्च 2026 को ÷जल ही जीवन है÷ विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कुल 8 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में हर्ष शिववंशी (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, अंग्रेजी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कु. रजनी पांडे (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) रहीं, जबकि कु. सोनम डहाटे (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

आयोजन में सहायक प्राध्यापक नाज़ली कुरैशी एवं ऋषभ भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण के महत्व को रचनात्मक स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए ÷जल ही जीवन है÷ का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसे जनआंदोलन बनाने की दिशा में प्रेरित करना रहा।

# ग्राम बोपली में जल संरक्षण पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।***



इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कटंगी विकासखंड के ग्राम बोपली में जल संरक्षण को लेकर संगोष्ठी एवं चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक सुशील बर्मन के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य स्वैच्छिकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोपली एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (ष्टरूष्टष्ठक्क) के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए ÷पानी की एक-एक बूंद बचाने÷ का संदेश दिया गया। साथ ही जल स्त्रोतों, विशेषकर हैंडपंप के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का भी संदेश दिया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए परामर्शदाता राजकुमार ब्यौत्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जल का महत्व अत्यंत बढ़ गया है और यदि अभी से इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने ÷जल नहीं तो कल नहीं÷ का संदेश देते हुए सभी ग्रामीणों से जल बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान एवं सोख्ता गड्ढों जैसे छोटे-छोटे उपाय अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर परामर्शदाता राजकुमार ब्यौत्रा, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष हरीश राहंगडाले, मंजुलता मेश्राम, छाया चौधरी, हेमराज ठाकरे, खिलाफचंद चौधरी, प्रेमलता ठाकरे, पार्वता रहांगडाले, प्रभा सोनी, केसर सोनी, टीकमचंद चौधरी, भूपेंद्र सोनी, लखनलाल कटरे, राजू रहांगडाले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**
***शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिहलीबाई वारासिवनी द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष नगर में सर्वोत्कृष्ट रहा, जिससे शाला परिवार में हर्ष का माहौल है।***





विद्यालय के प्राचार्य श्री हुमराज पटले ने बताया कि वर्ष 2025-26 का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष की तुलना में अधिक बेहतर और सराहनीय रहा है। कक्षा 5वीं में कुल 77 विद्यार्थियों में से 74 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 73 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी में 13 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 55 विद्यार्थी तथा तृतीय श्रेणी में 06 विद्यार्थी रहें। संस्था में कु. अक्षरा करकाड़े ने 89.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर कु. साक्षी शर्मा (88.5 प्रतिशत) रहीं, जबकि कु. मानवी बिंझाड़े एवं कु. भावी कोवाचे ने 83.5 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 8वीं में कुल 121 में से 119 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 113 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी में 63 विद्यार्थी तथा द्वितीय श्रेणी में 38 विद्यार्थी रहें। प्रथम स्थान पर कु. हिमांशी राजपूत एवं कु. प्रियांशी लिल्हारे ने 93.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कु. नव्या गोस्वामी (92 प्रतिशत) रहीं, जबकि कु. डिंपल कोवाचे ने 91 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को माध्यमिक शिक्षक श्री राजेश डहारे द्वारा 500-500 रुपये का पारितोषिक प्रदान किया गया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर प्राचार्य श्री हुमराज पटले सहित समस्त शाला स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निराश न होने और पुनः प्रयास करने के लिए प्रेरित किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक श्री कमल टेम्भरे द्वारा किया गया। यह परिणाम विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने वाला साबित हुआ है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक..

## नए शिक्षा सत्र की तैयारियों और प्रवेश उत्सव पर दिया जोर





**जगप्रेरणा बालाघाट।**
***जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. उपाध्याय द्वारा 26 मार्च 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के सभा कक्ष में जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं हाई स्कूल प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों, प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि नवीन शिक्षा सत्र 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर ÷प्रवेश उत्सव÷ को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए सभी प्राचार्यों को विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, सजावट, रंगोली, पेंटिंग एवं सेल्फी पॉइंट तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पालकों को आमंत्रित करने के लिए भी कहा गया। बैठक में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए तिथिवार कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर एवं रंगोली, जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण एवं पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी प्राचार्यों को कार्यक्रम के बाद प्रतिवेदन, फोटो एवं पेपर कटिंग भेजना अनिवार्य किया गया।

विकासखंड कार्यालयों में प्राप्त पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्यों को कहा गया कि वे सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों में वितरण करें तथा इसकी ऑनलाइन एंट्री भी पोर्टल पर दर्ज करें। बैठक में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए मई माह में आयोजित होने वाली द्वितीय परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। टाइमटेबल मंडल कार्यालय द्वारा जारी किया जा चुका है।

बैठक में लंबित स्वक्क्षस्ट एवं छात्रवृत्ति प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, ÷हमारे शिक्षक÷ एप पर शिक्षकों की 100त्र ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने, प्रवेश प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ, 31 मार्च तक शत-प्रतिशत नामांकन पूरा करने, किसी भी विद्यालय में ड्रॉपआउट की स्थिति न बनने देने के सख्त निर्देश दिये गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

# बैगा, सहारिया और भारिया वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर..





## वनरक्षक की भर्ती के लिए कर सकेंगे ऑफलाइन आवेदन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**
***उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल श्रीमती ऊषा अजय सिंह द्वारा 26 मार्च को विभिन्न जिलें के सहायक आयुक्त के साथ वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं,***

विशेष रूप से छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उनकी तैयारी को सुदृढ़ करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

वीसी में बताया गया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक एवं जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसमें वनरक्षक की भर्ती के लिए विशेष रूप से मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति (क्क्ङ्क्षत्र) समुदाय जैसे बैगा, सहारिया एवं भारिया वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अलग प्रावधान किए गए हैं। इन अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित सीधे संबंधित विभाग को निर्धारित प्रारूप में प्रेषित करना होगा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर द्वारा जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में संचालित विद्यालयों के सभी प्राचार्यों की बैठक बुलायी गई। बैठक में सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे जिले में निवासरत बैगा समुदाय के छात्र छात्राएँ जो 10वीं उत्तीर्ण है, उनके वन रक्षक के पद के लिए आवेदन फार्म ऑफलाईन वन मण्डलाधिकारी कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के पीव्हीटीजी छात्र-छात्राओं, जो अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो रहे हैं, उनका अनिवार्य रूप से इन भर्तियों के लिए आवेदन भरवाया जाना है। सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे इस कार्य को मिशन मोड में करें जिससे अधिक से अधिक बैगा समुदाय के छात्र छात्राओं के फार्म जमा कर उन्हें लाभान्वित किया जा सके।

# आपदा प्रबंधन सुदृढ़ीकरण के लिए ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव प्रशिक्षण का हुआ आयोजन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**
***जिला आपदा प्रबंधन के तहत आज कलेक्ट्रेट बालाघाट के सभागार में ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्री मृणाल मीना के***



निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में का संचालन एवं मार्गदर्शन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं नोडल अधिकारी श्रीमती रजनी खटीक द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा ध्वस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव से संबंधित विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई। इसमें आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियां, उपकरणों का उपयोग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पैदल भ्रमण के माध्यम से खोज एवं बचाव जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसडीईआरएफ टीम द्वारा लाइव डेमो प्रस्तुत कर प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी दी गई।

## भूकंप आपदा तैयारी एवं प्रबंधन पर भी दिया गया प्रशिक्षण

जिला पंचायत सभागृह में आपदा प्रबंधन विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें आपदा का परिदृश्य एवं प्रबंधन, भूगर्भीय आपदाओं का परिचय, भूकंप के कारण, इतिहास एवं भारत और मध्यप्रदेश का भूकंप प्रोफाइल, भूकंप-प्रतिरोधी आधारभूत संरचना, आपदा पूर्व तैयारी, समुदाय की भूमिका, क्या करें एवं क्या न करें, मॉक ड्रिल संचालन, आपदा के दौरान प्रतिक्रिया, निकासी, खोज एवं बचाव, चिकित्सा सहायता, घायलों का परिवहन तथा राहत शिविरों के प्रबंधन (भोजन, पानी, स्वच्छता आदि) जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तैयार करना रहा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433

# वारासिवनी में कॉलोनाईजरों ने की एसडीएम से मुलाकात..

## कालोनियों के निर्माण में जनसुविधाओं के संदर्भ में की चर्चा



**जगप्रेरणा वारासिवनी।**
***बालाघाट जिले में वारासिवनी क्षेत्र के कॉलोनाइज़र समूह ने आज एसडीएम वारासिवनी महोदय से भेंट कर कॉलोनियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।***

इस दौरान एसडीएम महोदय ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना तथा शासन की ओर से पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। बैठक सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई तथा कॉलोनाइज़र समूह ने भी सभी कार्य नियमानुसार करने एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने की बात कही। बैठक में प्रबल मिश्रा, असीम मिश्रा, जसवंत पटले, उत्कर्ष कासल, नितिन बोपचे, आशीष यरपुड़े, सौरभ पटेल, विशाल गजभिये, संदीप भगत, अमित चौधरी, मोहित पटेल, कोमेंद्र बिसेन, नोहर डोहरे सहित अन्य कॉलोनाइज़र उपस्थित रहे।

# नवांकुर संस्थाओं को सशक्त बनाने जिला स्तरीय बैठक सह - प्रशिक्षण आयोजित..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**
मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, बालाघाट द्वारा चयनित नवांकुर संस्थाओं के सक्रियकरण एवं प्रभावी संचालन के उद्देश्य से 26 मार्च को एक दिवसीय जिला स्तरीय बैठक सह-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त एसडीओ (कृषि) राजेंद्र नागपुरे, महिला फेडरेशन अध्यक्ष इंद्राणी बरकड़े एवं जिला समन्वयक सुशील बर्मन सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने नवांकुर संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण में नर्सरी स्थापना, पौधारोपण एवं जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने का आह्वान किया गया। जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए अपने फेडरेशन के 50 से अधिक स्व-सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ने का आश्वासन दिया।

बैठक में विगत माह संचालित ÷ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान÷, नर्सरी स्थापना, बाल संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र एवं प्रस्फुटन ग्रामों में आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी माह में प्रस्तावित जल गंगा संवर्धन अभियान के तीन चरणों की कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने शासन की विभिन्न योजनाओं में जनसहभागिता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नर्सरी स्थापना एवं पौधारोपण के महत्व को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था लालबर्रा के अध्यक्ष चंद्रकुमार बरसेने द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड समन्वयक सुश्री श्वेता मिश्रा, बेजन्ति कटरे, संतोष नागपुरे, सुरेन्द्र भगत सहित जिले की विभिन्न नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**
अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे ने 26 मार्च को जिला निर्वाचन कार्यालय के ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान वेयर हाउस में बिजली आपूर्ति व अग्निशामक यंत्र की स्थिति तथा सीसीटीवी कैमरे से निगरानी का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सुबोध श्रीवास्तव एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क –
9329033433

# एडवेंचर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परिक्षा में पाया सुयश..














जगप्रेरणा लांजी।

*लॉजी विकासखण्ड अन्तर्गत स्व. श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा संचालित अशासकीय विद्यालय एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगाँव से*

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं एवं 8वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा पाँचवी में 112 छात्रों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा।

कक्षा पाँचवी से छात्रा फांशी पिता छोटेलाल बिसेन 91.5 प्रतिशत प्रथम स्थान, छात्र डिंजल पिता सुरेश बेदरे 89.75 प्रतिशत द्वितीय स्थान, छात्रा गीत पिता लिलाधर बापुरे 88.75 प्रतिशत तृतीय स्थान से साथ ही क्रमशः निहालसिंह पिता विद्यानन्द भटेरे 88 प्रतिशत, लक्ष्य पिता महेश नखाते 87.5 प्रतिशत, रितिक पिता श्यामलाल बेदरे 86.25 प्रतिशत, दक्ष पिता चेतन मेश्राम 85.75 प्रतिशत, रिद्धी पिता प्रहलाद बेदरे 85.75 प्रतिशत, चेतना पिता गुनेश मेण्ढेकर 85.5 प्रतिशत, लोकांश पिता विनोद बेदरे 85.25 प्रतिशत, गोनिष पिता चिन्तामन मिसारे 85.25 प्रतिशत, नैतिक पिता सुरेश रावते 85.25 प्रतिशत, कनक पिता महेश बढाई 85 प्रतिशत, खुशबु पिता जागेश्वर बापुरे 85 प्रतिशत, रूही पिता रामकिशोर कुशले 85 प्रतिशत। वैसे ही कक्षा आठवी में 48 छात्रों में से 47 छात्र उत्तीर्ण हुये कक्षा में छात्रा धारिता पिता ओमकार बिसेन 93.16 प्रतिशत प्रथम स्थान, छात्रा वैष्णवी पिता नरेन्द्र बिसेन 91.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान, श्रुती पिता संजय कबीरे 90.83 प्रतिशत एवं सृष्टि पिता मनोज अवसरे 90.83 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किये साथ ही कमशः एकता पिता महेश कालबेले 90 प्रतिशत, हिमांशी पिता लिलाधर बारबुधे 89.66 प्रतिशत, दिपाली पिता रिद्धीराज धनवले 88.5 प्रतिशत, दिपाली पिता बिरबल नाकतोडे 87.66 प्रतिशत, प्रिंस पिता श्रावण कस्बे 87.16 प्रतिशत, हेमा पिता गोपीचन्द मसराम 86.33 प्रतिशत, किर्ती पिता पुरुषोत्तम बिसेन 86.16 प्रतिशत, वैशु पिता शेवेन्द्र तुरकर 86.16 प्रतिशत, कोमल पिता तपेश्वर बल्ले 86 प्रतिशत, अंशुमन पिता अखिलेश नाकतोड़े 85 प्रतिशत प्राप्त किये।

छात्रों के बेहतर परीक्षा परिणाम व सफलता पर स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष श्री बलराम बड़धैया, श्री उपाध्यक्ष सुभाष कुशले, सचिव श्री राजाराम कुशले स्कूल संचालक ए. आर. कुशले सर प्रधानपाठिका श्रीमतो ममता कुशले विषय शिक्षक रोहित चंदेल, सुभम मेश्राम, नरेन्द्र कटरे, सुरेन्द्र देवाहे, रानू दखने, मोनिका करहि, यशोदा कलपुरे सहित पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलधैया सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भरें, सुजाता रामटेके सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं कार्यालय स्टाफ कमलेश ठाकरे, कु. सुनिता नखाते, सीमा येरपुड़े व समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई प्रेषित की है।

# 2 मोटर साईकिल चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल जप्त..

## थाना हट्टा पुलिस की कार्रवाई..



जगप्रेरणा किरनापुर।

*पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा जिले में लंबित चोरियों के खुलासे चोरी गए मशरूका की बरामदगी एवं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी*

हेतु समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देशों के पालन में जिले में घटित पूर्व की चोरी की घटनाओं का लगातार खुलासा किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला (भा.पु.से.), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में थाना हट्टा पुलिस ने चोरी के मामले में 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटर साईकिल जप्त की है।

दिनांक 11/03/ 2026 को थाना हट्टा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवरगांव खुर्द निवासी समारू उईके ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके घर से दरम्यानी रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना हट्टा में अपराध क्रमांक 23/26, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

बालाघाट पुलिस द्वारा चोरी के पुराने अपराधियों एवं जेल रिहा आरोपियों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में थाना हट्टा पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा संदेही उदय सिंह धुर्वे, उम्र 32 वर्ष निवासी मढका मढई, थाना हट्टा से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी आरोपी मनीष टेकाम, उम्र 25 वर्ष निवासी धुनधुनवारधा, थाना लांजी के साथ मिलकर उक्त मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से एक मोटर साइकिल एच.एफ डिलक्स क्रमांक **MP 50 MT 5193** कीमती करीबन 65 हजार रूपये जप्त की गई।

## पंजीबंद्ध प्रकरण एवं गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी..

जप्त मोटर साइकिल एच.एफ डिलक्स क्रमांक **MP 50 MT 5193** आरोपी उदय सिंह धुर्वे, उम्र 32 वर्ष निवासी मढका मढई, थाना हट्टा मनीष टेकाम, उम्र 25 वर्ष निवासी धुनधुनवारधा, थाना लांजी।

**सराहनीय भूमिका** – उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हट्टा, उप निरीक्षक अविनाश राठौड़, प्रआर. सतीश पारधी, आर. विष्णु प्रताप, चालक आरक्षक अभिषेक तथा हवलदार सुनील नगपुरे का सराहनीय योगदान रहा।

# सार्थक स्कूल का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट रिजल्ट..




जगप्रेरणा किरनापुर।

राज्य शिक्षा केंद्र बोर्ड भोपाल द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 25 मार्च 2026 को जारी किया गया जिसमें किरनापुर नगर में बाबा जुमदेवजी जनकल्याण समिति वारा किरनापुर द्वारा अंग्रेजी माध्यम में संचालित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान सार्थक पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी) किरनापुर का कक्षा पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बहुत सराहनी रहा स्कूल के कक्षा आठवीं में कुल 49 स्टूडेंट सम्मिलित हुए थे जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे और कक्षा 8वी में 16 स्टूडेंट्स ने 90त्न से ऊपर अंक हासिल कर संस्था का साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कक्षा आठवीं में अधिकतम अंक सुहासी हरीश बोरकर ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है द्वितीय पालनी चौधरी 93.83 प्रतिशत, हर्षिका पांचे 93.5 प्रतिशत, कुणाल बिसेन 93.3 प्रतिशत, प्रतिज्ञा सिल्हारे 93.17 प्रतिशत, ग्रेशी बिसेन 92.67 प्रतिशत सुजल दमाहे 92.33 प्रतिशत, मृदुल कुथे 91.83 प्रतिशत, दिशा कावडे 91.67प्रतिशत रिफत कुरैशी 91.5 प्रतिशत, प्रशीक मेश्राम 91.33 प्रतिशत धैर्य तुरकर 91.17 प्रतिशत, भावी पाटले 91 प्रतिशत, शाश्वत सिंह मार्को 91 प्रतिशत, प्रणय नागफासे 90.17 प्रतिशत, वेदांशी कुर्वे 90.17 प्रतिशत, राशि पांचे 90.17 प्रतिशत व अन्य सभी स्टूडेंट्स नें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कक्षा 5वी में अवनी योगेश येड़े नें 90.75 प्रतिशत से प्रथम आयुषी भीमटे 87 प्रतिशत, डेनिश पंन्द्रे 87 प्रतिशत, आराध्या लिल्हारे 84.5 प्रतिशत, क्रिश चौधरी 84.5 प्रतिशत, मेहर पांचे 84.25 प्रतिशत, आर्यन सहारे 83.75 प्रतिशत, अथर्व शुक्ला 83.75 प्रतिशत, मोहम्मद अयान कुरैशी 83 प्रतिशत, नामिश बानेवार 82 प्रतिशत, आइशा गाडेश्वर 81.25 प्रतिशत, दीक्षा बाहे 80.5 प्रतिशत, लावण्या गिरेपुंजे 80.5 प्रतिशत, धैर्य दवने 79.5 प्रतिशत, नेहा बहेकार 79.5 प्रतिशत सम्बोधि चौरे 79.25, द्रोनी चौधरी 79 प्रतिशत परिधि नेरकर 78.75 प्रतिशत, रिया ठाकरे 78.75 प्रतिशत, श्रेया सिंह मार्को 78.75 प्रतिशत दर्शीनी पांचे 78.25 प्रतिशत, दुर्गनंदिनी पांचे 78 प्रतिशत, पहल मानेश्वर 77.75 प्रतिशत, तन्वी सहारे 77.75 प्रतिशत, चिराग परिहार 77.5 प्रतिशत, दृश्य सोनी 77.5 प्रतिशत, नव्या पिछोड़े 77.5 प्रतिशत, प्रज्ञा तुरकर 77.5 प्रतिशत, पाखी बसीचंद्र 77.25 प्रतिशत, निभा चौधरी 77 प्रतिशत, पहल बनसोडे 77 प्रतिशत, चिन्मय नागफासे 76.25 प्रतिशत, हेमांग पंचेश्वर 76.25 प्रतिशत, आरव रावते 76 प्रतिशत, येशीका घोरमारे 76 प्रतिशत, आरव लिल्हारे 75.75 प्रतिशत, अलमास खान 75.75 प्रतिशत, गगन पांचे 75.5 प्रतिशत, मंतशा खान 75.5 प्रतिशत, टीना मराठे 75.5 प्रतिशत, नमन बोहरे 75.25 प्रतिशत, प्रियल गजभिये 75.25 प्रतिशत प्राप्त कर सार्थक स्कूल का एवं अपने माता पिता परिवारजनों को गौरवानित किया।

सभी स्टूडेंट्स की सफलता पर संस्था प्रमुख इंजी. जितेन्द्र भोंडेकर एवं स्टाफ में भूपेंद्र सिंह, जिखरिया नाइक,रोहिणी ऊके, शोभा ठाकरे, कपिल गजभिये, सुनील सोलंकी,नेहा कावडे, अजित भगलकर, यशुला नगपुरे, रुपाली जांगड़े, अजय सूर्यवंशी, कल्याणी सहारे, शिफा खान, सविता कुथे ललिता सिंगनदुपे व अन्य टीचर्स नें बधाई प्रेषित किया है।

# राम कथा परम आनंद देकर करती है कल्याण, भव्य कलश यात्रा के साथ राम कथा का हो रहा बखान..




जगप्रेरणा लांजी।

*दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) की नागपुर शाखा एवं गोंदिया व आमगांव परिवार द्वारा आमगांव में एक भव्य सात दिवसीय*

श्री राम कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका 26 मार्च को सुबह भव्य शोभायात्रा निकालकर शुभारंभ किया गया। सुबह 10 बजे काली मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली गई, भव्य कलश यात्रा के साथ ही राम दरबार की झांकी, राम, लक्ष्मण, सबरी की झांकी एवं परम पूज्य दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की झांकी सजाई गई थी। यह कलश शोभायात्रा यात्रा काली मंदिर से प्रारंभ होकर बनिया मोहल्ला, राम मंदिर, पोलिस स्टेशन, आंबेडकर चौक, गांधी चौक, शीतला मंदिर, कामता चौक होते हुए लगभग 4 किलोमीटर का भ्रमण करते हुए दोपहर 12 बजे लांजी रोड आमगांव कथा स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई। इसी के साथ सात दिवसीय श्री राम कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह पावन आयोजन 02 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगा। कथा का दिव्य वाचन सुश्री पद्महस्ता भारती जी (परम पूज्य दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या) द्वारा किया जाएगा।

संस्थान के अनुसार, श्री राम का जन्म और उनकी लीलाएँ दोनों ही दिव्य हैं। श्री राम अनादि हैं, जो सृष्टि के प्रत्येक कण में रमण करते हैं और हर जीव के प्राणाधार हैं। इस ज्ञानयज्ञ में भक्तजनों को श्री राम कथामृत के माध्यम से इन दिव्य रहस्यों का उद्घाटन होगा। विभिन्न प्रसंगों, भजनों के साथ-साथ आध्यात्मिक मूल्यों की सरल विवेचना और धर्म के गूढ़ रहस्यों को समझने का अनुपम अवसर मिलेगा। यह कथा परम आनंद प्रदान करने वाली होगी।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम, नागपुर एवं दिव्य ज्योति परिवार आमगांव, गोंदिया ने इस भक्ति और ज्ञान के महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## विद्याभारती बाल भाऊ देवरस स शि म का 5 वी,8 वी बोर्ड परिक्षा परिणाम शतप्रतिशत..




जगप्रेरणा लांजी।

विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय कारंजा लांजी जिला बालाघाट का कक्षा पंचम् एवं अष्ठम का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जिनमें कक्षा अष्टम् में प्रथम स्थान कु. गहेना धनेन्द्र बनोठ 92.30 प्रतिशत ,द्वितीय स्थान कु. आकांक्षा कैलाश डाहाटे 91.30,तृतीय स्थान खुशी राजेन्द्र नंदनवार 88.8, डिंजल चंदनलाल गजबे 86.5, रागिनी रामकिशोर तरोने 86, नंदनी नैनदास वंजारी 83.6, गौरी दिनेश बिसेन 81.6, अनुष्का शंकर नगपुरे 81.1, वेदिका गणेश टेम्भरे 80.3, वेदिका प्रकाश दहिकर 79.5, विशाखा दिलीप 79.3, तुषार कैलाश लिल्हारे 79.1, निलेश बुधराम रतोने 78.5, कावेरी महेश बागड़े 77.3, जयश्री नरेंद्र पाटिल 77.1, भावना प्रेमलाल पांचे 75.1, तनुजा नरेंद्र हेमने 75 प्रतिशत अंक हासिल विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सभी भैया बहनों एवं अभिभावकों को विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई। इसी तरह कक्षा पंचम् में प्रथम स्थान पर कु. खुशी महेश डेकाटे 87, द्वितीय स्थान पर कु. माही संजय नंदनवार 85, तृतीय स्थान पर भैया विहान संतोष झारिया 83.2, अंजली सुरेन्द्र उपराड़े 82.2, समीर विरेंद्र कोल्हे 80.5, जसिक सुरेन्द्र भण्डारकर 78.2, मयंक रविशंकर टेंभरे 77.2, समीर दिलीप चुटे 76.7, पीयूष ठमकलाल बनोठे 75.7, वेदांग चेतनलाल राखड़े 75 प्रतिशत प्राप्त किया, सभी भैया बहनों को मिष्ठान खिलाकर पुष्प गुच्छों अभिनंदन किया गया।

उक्त अवसर पर विद्यालय के आचार्य परिवार सहित अभिभावकों की उपस्थिति रही, सभी भैया बहनों को विद्यालय के प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे, व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल, अध्यक्ष लालाराम नंदनवार, उपाध्यक्ष देवेश ऐड़े, मनोनीत सदस्य रामेश्वर मटाले सहित कोषाध्यक्ष श्यामराव राखड़े ने भैया बहनों एवं अभिभावकों को बधाई प्रेषित की।

## अष्टमी हवन पूजन कर मातारानी को भक्तों ने चढ़ाई अटवाइयां..

# रामनवमी पर्व मनाकर निकलेंगी ज्योति कलशों की शोभायात्रा..






जगप्रेरणा लांजी।

*शक्ति व भक्ति के आराधना का चैत्र नवरात्र पर्व संपूर्ण जिले में श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। सप्ताह भर से नगर व क्षेत्र के मंदिरों में देवी गीत*

भजनों व विविध कार्यक्रमों की गूंज के अलावा माता का जगराता कर भेंटे भी गाई जा रही है।

26 मार्च को चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर नगर के मां शीतला माता मंदिर, मां लंजकाई माता मंदिर, मां काली माता मंदिर के अलावा सभी देवी मंदिरों व घरों में रखे ज्योति कलश स्थल पर भोर से ही अष्टमी चढ़ाने का क्रम प्रारंभ हुआ जो दोपहर एवं देर शाम तक चलता रहा। माता रानी के दरबार में श्रंगार के साथ ध्वजा, अठवाईयां, चुनरी चढ़ाकर विशेष आराधना की गई। घरों व देवी मंदिरों में कन्या पूजन कर उन्हें माता का स्वरूप मानकर कन्या भोज भी कराया गया।

नगर के मां लंजकाई मंदिर में अष्टमी पर्व पर दोपहर 12.30 बजे से हवन प्रारंभ किया गया जो कि 2.30 बजे सम्पन्न हुआ। इसी तरह मंदिरों व घरों में अष्टमी हवन के साथ पूर्णाहुति पश्चात सामूहिक भंडारे किए गए। वहीं आज 27 मार्च को रामनवमी पर्व पर नगर व क्षेत्र के मंदिरों में तथा घरों में दोपहर 12 बजे से राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जावेगा। नगर के नया व पुराना राम मंदिर में घंटे घड़ियाल की गूंज व भजनों के साथ राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा इसके लिए मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई है।

## आज ज्योति कलशों की शोभायात्रा..

चैत्र नवरात्र पर्व के चलते देवी मंदिरों एवं घरों में ज्योत जवारा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। आज नवमी पर्व के चलते नगर के देवी मंदिरों से कलश शोभायात्रा निकालकर जल दर्शन कराया जाएगा। नगर के मां लंजकाई मंदिर में 558 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। संध्या में कलश शोभायात्रा निकालकर गणेशी तालाब में ज्वारों का विसर्जन किया जाएगा। साथ ही शीतला माता मंदिर, दुर्गा मंदिर मरार मोहल्ला, निमटोला स्थित दुर्गा मंदिर से भी कलश शोभायात्रा निकालकर गणेशी में ज्वारों का विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए नगर परिषद द्वारा गणेशी तालाब में सफाई एवं लाईटिंग की व्यवस्था की जाएगी।

ग्राम पंचायत मनेरी जनपद पंचायत लांजी
जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 25/03/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनेरी जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 31/03/2026 तक जी एस टी रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

सरपंच – श्रीमति मनीषा सुभाष सहारे
उपसरपंच – श्री डिलेश नगपुरे
सचिव – कुणाल कटरे

सहायक. सचिव - श्री दशरथ उपराडे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मनेरी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

ग्राम पंचायत सिरेगाव जनपद पंचायत लांजी
जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 27/03/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लाड़सा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 27/03/2026 से 31/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच – श्रीमती शशिकला भटेरे
सचिव – श्रीमति रेखा पटले
उप सरपंच – शशिकपूर भावे

सहा. सचिव - कृष्ण कुमार देशमुख एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सिरेगाव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

लेख, लघु कथा,
कविताएं एवं साहित्य
सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख







दैनिक जग प्रेरणा में
साहित्य लेख रचनाएं
प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## आजादी की चिंगारी, वीरांगना रानी अवन्ती बाई

अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवन्ती बाई ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। अपनी मातृभूमि की रक्षा के खातिर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। 1857 की क्रान्ति में रानी अवन्ती बाई का वही योगदान है जो रानी लक्ष्मी बाई का है। इसी कारण रानी अवन्ती बाई की तुलना रानी लक्ष्मी बाई से की जाती है। इतिहास इन दोनों महान वीरांगनाओं का हमेशा ऋणी रहेगा। रानी अवन्ती बाई का अवतरण 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेहणी जिला सिवनी, मध्यप्रदेश के जमींदार राव जुझार सिंह के यहां हुआ था।

### राज्य की जिम्मेदारी

इनकी शिक्षा दीक्षा ग्राम मनकेहणी में हुई। जुझार सिंह ने अपनी कन्या अवंती बाई का विवाह रामगढ़ रियासत के राजा लक्ष्मण सिंह लोधी के पुत्र राजकुमार विक्रमादित्य सिंह लोधी के सांथ तय किया। 1850 में राजा लक्ष्मण सिंह के निधन के बाद राजकुमार विक्रमादित्य ने राजगद्दी संभाली। विक्रमादित्य बचपन से ही वीतरागी प्रवृत्ति के थे। पूजा पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में लगे रहते थे। इनके दो पुत्र थे अमान सिंह और शेर सिंह। इनके दोनों पुत्र छोटे ही थे की राजा विक्षिप्त हो गए और राज्य की सारी जिम्मेदारी रानी अवन्तीबाई के कन्धों पर आ गई। यह समाचार सुनकर अंग्रेजों ने रामगढ राज्य पर कोर्ट ऑफ़वाड्र्स की कार्यवाही की एवं राज्य के प्रशासन के लिए सर बराहकार नियुक्त कर शेख मोहम्मद और मोहम्मद अब्दुल्ला को रामगढ़ भेजा। जिससे रामगढ राज्य 'कोर्ट ऑफ़ वाड्र्स के अधीन चला गया। अंग्रेजों कि इस हड़प नीति को रानी जानती थी और दोनों सरबराहकारों को रामगढ़ से बाहर निकाल दिया। लार्ड डलहोजी की राजे रजवाड़ों को हडपने की नीति जिसे डलहोजी की हड़प नीति कहा गया। जिसके कारण सतारा, जैतपुर, संभलपुर, बघाट, उदयपुर, नागपुर, झाँसी सहित कई देशी रियासतों का अंग्रजी साम्राज्य में विलय कर दिया गया। अन्य रियासतों को हडपने का अंग्रजी कुचक्र देश जोर-शोर से चल रहा था।

### संघर्ष के लिए तैयार

अंग्रजों के इस कुचक्र का राजे रजवाड़ों ने विरोध किया। जिसका रानी अवन्तीबाई ने भी विरोध किया। पुरवा में आस-पास के राजाओं और जमीदारों का विशाल सम्मलेन बुलाया। जिसकी अध्यक्षता 70 वर्षीय गोंड राजा शंकर शाह ने की। राजा शंकर शाह को मध्य भारत में क्रांती का नेता चुना गया। इस सम्मलेन में प्रचार प्रसार का कार्य रानी अवंतीबाई को सोंपा गया। प्रचार के लिए एक पत्र और दो काली चूड़ियों की एक पुड़िया बनाकर प्रसाद के रूप में वितरित की गईं। इसके पत्र में लिखा गया अंगेजों से संघर्ष के लिए तैयार रहो या चूड़ियाँ पहनकर घर बैठो। तुम्हें धर्म, ईमान की सौगंध है, जो इस कागज का सही पता बैरी को दो। जो राजा, जमींदार और मालगुजार पुड़िया ले तो इसका अर्थ क्रांति में अंग्रेजों के विरुद्ध अपना समर्थन देना था।



### अंग्रेजों का सामना

इस समय तक मंडला नगर को छोड़कर पूरा जिला अंग्रेजों से मुक्त हो चुका था। 23 नवम्बर 1857 को मंडला के पास अंग्रेजों और रानी अवन्तीबाई के बीच भीषण युद्ध हुआ। इस युद्ध में मंडला का अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन पूरी शक्ति लगाने के बाद भी कुछ ना कर सका और मंडला छोड़ सिवनी भाग गया। इस प्रकार पूरा मंडला और रामगढ़ स्वतंत्र हो गया। इस प्रकार पूरा मंडला जिला और रामगढ़ राज्य स्वतंत्र हो गया। अंग्रेज अपनी हार से बौखलाए हुये थे और अपनी हार का बदला लेना चाहते थे। अंग्रेज लगातार अपनी शक्ति सहेजते रहे अंग्रेजों ने 15 जनवरी 1858 को घुघरी पर नियंत्रण कर लिया। मार्च 1858 के दूसरे सप्ताह में रीवा नरेश की सहायता से रामगढ को घेरकर हमला बोल दिया। वीरांगना रानी अवन्तीबाई की सेना जो अंग्रेजों की सेना की तुलना में बहुत छोटी थी फिर भी साहस पूर्वक अंग्रेजों का सामना किया। रानी ने परिस्थितियों को भांपते हुये अपने किले से निकलकर डिंडोरी के पास देवहारगढ़ की पहडियों की ओर प्रस्थान किया। अंगेजों की सेना रानी अवन्ती बाई का पता लगाते हुये देवहारगढ़ की पहडियों तक पहुँच गई। यहां वीरांगना रानी अवन्ती बाई पहले से ही मोर्चा लगाये बैठी थी।

### प्रजा बिलकुल निर्दोष

कालगलवित, 20 मार्च 1858 को रानी अवन्ती बाई ने शाहपुर के पास स्थित तालाब के पास बने मंदिर में पूजा अर्चना की और युद्ध मैदान में उतर गई। यहां अंग्रेजों और रानी के बीच घमसान युद्ध हुआ। रानी अवन्ती बाई ने अपने आप को अंग्रेजों से घिरता देख वीरांगना रानी दुर्गावती का अनुकरण करते हुए अपनी तलवार निकाली और कहा ÷ हमारी दुर्गावती ने जीते जी वैरी के हाथ अंग ना छुए जाने का प्रण लिया था। इसे ना भूलना'' इतना कहकर रानी ने अपने सीने में मारकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दे दिया। शौर्यगाथा, वीरांगना जब मृत्यु सैय्या पर थीं तब उन्होंने अंगेजों को अपना बयान दिया कि ग्रामीण क्षेत्र लोगों को मैंने ही विद्रोह के लिए भड़काया, उकसाया था, प्रजा बिलकुल निर्दोष है। इस प्रकार वीरांगना ने वीरगति में भी हजारों लोगों को अंग्रेजों द्वारा दी जाने वाली यातनाओं से बचा लिया। वरेण्यं, क्रांति मुक्त आंदोलन की सूत्रधार, आजादी की चिंगारी, वीरांगना रानी अवन्ती बाई के श्री चरणों में जयंती पर शत-शत नमनज!


लेखक



हेमेन्द्र क्षीरसागर,
पत्रकार व लेखक,


## 'नक्सल मुक्त हुआ बस्तर हमारा'

देखा था मैंने एक सपना प्यारा प्यारा
नक्सल मुक्त हुआ बस्तर हमारा
4 दशकों से चल रही थी यह लड़ाई
बस्तर ने फिर ली अंगड़ाई
शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विकास रोजगार
बस्तर का हर सपना अब होगा साकार
लालगढ़, नक्सल का था बस्तर पर्याय
पुनर्वास, मुख्य धारा से जुड़ना है
समझा इसका अभिप्राय
भय मुक्त हुआ बस्तर का वातावरण
सभी ने किया स्व स्पुथ आत्म समर्पण
मुख्य धारा से जुड़ना है लक्ष्य
नक्सलवाद का हो समाप्त यह है प्रयोजन
जल, जंगल, जमीन है अपना
तो क्यों जनताना सरकार को नहीं है अपनाना
संविधान का करना है सभी को पालन
मौलिक अधिकारों का ना होगा हनन
आतंकवाद, नक्सलवाद
है एक अभिशाप
निर्दोष, बेगुनाहों के मौत
का कौन देगा हिसाब
हथियार, गोली,
बारूद और बम
इससे शांति नहीं
मिलेगी जानते हैं हम
गनतंत्र की नहीं
गणतंत्र की जय हो
लोकतंत्र से चलता है देश
इसकी सदा विजय हो


रचनाकार



मनोज पाणिग्राही,
छत्तीसगढ़ बस्तर


## मेरे राम सबके राम

भाव ही भक्ति,
जितने सच्चे उतनी शक्ति।
राम की महिमा अपरंपार,
इसीलिए राम मय सारा संसार।
हाथ में मोती माला राम के नाम की,
यदि तुम्हे सौभाग्य मिला।
क्योंकि पूर्व जन्म के बडे ही कर्म नेक।
ऐसे ही नहीं हो जाता इश्वार से लगाव,
जरुर तुम्हारे सच्चे रहे होगे भाव।
भाव ही है एक सच्चा दपर्ण,
जितनी सच्चाई होगी उतना समर्पण।
जब वाणी से गुंजने लगे तेरा तुझको अर्पण,
फिर किस
बात का अभाव,
इसीलिए तो कहती हूँ।
भाव ही भक्ति
जितने सच्चे
उतनी शक्ति।
राम की
महिमा अपरंपार,
इसीलिए राम मय है
आज सारा संसार।


लेखिका



अनिता पवार


## मेहनत का रंग लाया..

बालाघाट की धरती बोले,
खुशियों की आई बहार,
पांचवीं और आठवीं के बच्चों
ने किया कमाल अपार।

मेहनत की हर बूंद से सींचा
अपने सपनों का संसार,
आज सफलता के रंग में
रंगा है हर एक परिवार।

किताबों संग जो दोस्ती की,
रातों में जागे थे,
आज उसी लगन के कारण,
ऊँचाई को भागे हैं।

माँ-बाप की आंखों में अब,
गर्व का चमकता नूर,
शिक्षकों का आशीर्वाद बना,
बच्चों का मजबूत गुरूर।

आगे बढ़ते रहना तुम,
रुकना कभी न राह में,
तुमसे ही तो रोशन होगा,
बालाघाट हर चाह में।

सपनों को अब पंख मिले,
उड़ान भरो आसमान,
देश का भविष्य तुम हो,
तुमसे ही भारत महान।


रचनाकार



आशीष नेवारे
बालाघाट


## इश्क में तबाही का सबूत हूं


इश्क में तबाही
का सबूत हूं
टूटकर मैं और
भी मजबूत हूं।
झूंड में रहना
हरगीज पसंद नहीं
मैं शेर हूं, अकेला
ही बहुत हूं।


लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 78



ck;: l: nk;: !& 1) हमारे राष्ट्रपतिजी के लिए संबोधन 7) अन्धःकार, अज्ञान 10) छोड़कर, के बगैर 12) मुख, बनावट 15) बेटे की पत्नी 17) साम्राज्य, हुकूमत 18) विशेष 20) हमारे दूसरे राष्ट्रपति 21) भाव 22) बुरी आदत 23) डुलना 24) बोलते समय ठीक तरह से शब्द न बोल पाना, अटक अटक कर बोलना 26) महोदय 27) विपत्ति 28) एक ऋतु 33) विलक्षण 34) विक्षिप्त 35) अनजान 36) तनिक 37) पुरानी फिल्मों में कठोर हृदयवाली सास की भूमिका निभाने के लिए एक प्रसिद्ध चरित्र अभिनेत्री 39) मुसलमानोंद्वारा प्रणाम के लिए प्रयुक्त एक शब्द 40) जो खुला न हो 41) एक वायु रोग 42) जोखिमभरा 44) अंतर 46) मनुष्य का शरीर 47) अपना राज 48) अशुद्ध 49) जिस के सिर पर बाल न हो 50) घोर काले रंग के लोगों की एक जाति 51) बगीचा 52) मशीन 53) चुकता 54) कलंकित 56) होली के समय यह गीत गाये जाते है 58) आय, आमदनी 59) गुजरात राज्य का एक प्रमुख शहर 60) महीना 61) वजह 62) कृतज्ञ 64) ठहर, वास कर 67) परंतु 68) मशहूर 70) एक रत्न 71) प्रयोग 73) एक किस्म की सुगंधित तंबाखू 74) ईख 75) ध्वंस 77) नगर की रक्षा करनेवाला 80) हैदराबाद के एक प्रसिद्ध म्युजियम का नाम 82) हार 83) नया डंठल या नया पत्ता 85) परत 86) सफेद सुगंधित फुलोंवाली एक लता जो वृक्षों पर फैलती है 88) पानी का ऊपर से टप टप गिरनेवाला अंश 89) आघात 90) पूर्णिमा की रात 92) घमंड 94) मुलायम 96) मंडल 98) अनावश्यक 99) वचन 101) पश्चिम बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुल नाम 103) जंगल का राजा 105) मन को हरनेवाला 108) मां की मां 110) राज्य या देश की सीमा 111) बार - बार होनेवाला, आवर्तक, डाकघर या बैंको का एक खाता 112) जनक कन्या 113) बार 114) रिश्ता

Åij l: ulp: !& 1) हाथ से दबाते हुये रगड़ना 2) दशा 3) विचार 4) घोड़ेका आवाज करना 5) अर्थ 6) मित्र 8) विचारणीय विषय, समस्या 9) सत्यानाश, तबाही 10) मार्जार 11) अप्रसन्न 12) आकर्षित 13) वसुदेव - देवकी के पुत्र 14) तृण 15) कुदृष्टि 16) स्वर्ग की अप्सरा 19) परिवार सहित 25) शायद 26) उत्तरदायी 27) एक आदरवाची मध्यम पुरुष सर्वनाम 29) किसी संस्था के पच्चीस वर्ष पुरे होने पर मनाई जानेवाली जयंती 30) किसी दीवार के फटने पर पड़नेवाली लकीर 31) एक साग भाजी 32) एक फल 33) निस्तब्ध, मौन, चकित 34) दर्शन, साक्षात्कार 35) उलट पुलट, हेर फेर, अदला बदली 38) तहदार 39) अतिशीघ्र, झटपट 42) असली, सच्चा 43) स्त्री 45) बिताना 47) नाटक में स्वयं से की जानेवाली बात 48) हनुमानजी का शस्त्र 49) मैला 50) आक्रमणकर्ता 51) गीतों की वह किस्म जिसमें वियोगी या वियोगिनी की दशा का अलग अलग बारह महीनो का वर्णन होता है 53) गुजरात राज्य का एक और प्रमुख शहर 55) गिनती 57) शोकाकुन 58) पीड़ा या ग्लानि सूचक ध्वनि, कराहने की आवाज 59) सूर्य 61) प्रभावी 63) पितृपक्ष 65) फूलों के बीच के महीन तन्तु, केसर 66) सतर्क, सावधान 69) पुरानी फिल्म 'पाकीजा' की हिरोइन 71) आशंका, ग्रहण, लेना 72) क्षेत्र, जमींदारी, रियासत 76) बाण 78) वास करना 79) माफी 81) वन 83) भीतरी 84) कैद 87) तट पर रहनेवाला, पड़ोसी 89) सज्जित होना, सजाया जाना 91) डरपोक 93) जिस समय 95) चालीस सेर का पुराना तौल 96) भार, तौल 97) मृत्यु देवता 98) लाज, स्वाभिमान (उर्दू) 100) जलन 102) तोता 104) नृप 106) आर्द्र 107) प्रत्येक 109) जनक, बाप (जबाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | | गु | ज | रा | त | | आ | स | मा | न | | रा | म | वि | ला | स | पा | स | वा | न |
| नो | | ल | य | | ह | | | म | न | | क | ह | ना | | वा | मा | | वा | | ह |
| रं | जि | श | | रा | जी | व | गां | धी | | प | र | ब | | द | रि | या | दि | ल | | ले |
| ज | ग | न | | स | ब | | | | क | च | ना | र | | ख | स | | न | | ज | प |
| न | र | | क | | | हा | थ | मि | ला | ना | | | ब | ल | | स | क्र | ल | | र |
| | | ता | ला | बं | दी | | | ला | का | | हु | | क | | म | क | र | | दा | द |
| बा | न | | बा | ज | | सि | र | प | र | खू | न | स | वा | र | हो | ना | | प | ना | ह |
| ल | रा | | ज | र | दा | | जा | | | ब | र | ब | स | | द | | स | र | | ला |
| बा | धि | त | | | म | न | | झों | | सू | | | क | | य | ती | म | | जी | |
| ल | प | ल | पा | ना | | न | र | का | सु | र | | को | र | ना | | त | | सा | व | न |
| ब | | ब | र | | ना | द | | | ल | त | | का | ना | | हा | र | | ध | | वी |
| च | म | गा | द | ड | | | सं | | ह | | को | को | | फू | ल | | मा | न | सू | न |
| ना | ह | र | | रा | | स | ग | | क | | म | ला | ल | | चा | व | ल | | ज | |
| | त्व | | अ | व | त | र | ण | | र | म | ल | | | चा | ल | | दा | वा | न | ल |
| हा | पू | स | | ना | ट | क | क | र | ना | | ता | श | कं | द | | जि | र | ह | | श्क |
| व | र्ण | मा | ला | | | ना | | श्मि | | सौ | | क | द | र | दा | न | | न | का | र |

anumeya-08446302691



जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## गुवाहाटी में भी होगा बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला का मैच, स्वदेश में नौ वनडे खेल सकते हैं रोहित कोहली..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पिछले साल नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच की मेजबानी करने के बाद अब गुवाहाटी का बारसपारा स्टेडियम 2027 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांच में से एक मैच की मेजबानी करेगा।***

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को सीनियर पुरुष टीम के घरेलू सत्र का कैलेंडर जारी किया जिसमें पांच टेस्ट, नौ वनडे और आठ टी20 मैच शामिल हैं।

वनडे मैचों पर निश्चित रूप से सबकी नजर रहेगी क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा की दिग्गज जोड़ी के उन सभी मैचों में खेलने की उम्मीद है। यह दोनों स्टार बल्लेबाज अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफश्रृंखला जनवरी, फरवरी और मार्च 2027 में खेली जाएगी। इसकी शुरुआत 21 जनवरी को नागपुर में होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट मैच चेन्नई में (29 जनवरी से दो फरवरी) और आठ दिन के अंतराल के बाद तीसरा टेस्ट 11 से 15 फरवरी तक गुवाहाटी में खेला जाएगा। रांची में चौथा टेस्ट 19 से 23 फरवरी के बीच खेला जाएगा, जबकि अहमदाबाद में अंतिम टेस्ट 27 फरवरी से शुरू होगा।

पांच स्थानों में से नागपुर (जहां आखिरी बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफटेस्ट मैच हुआ था), चेन्नई (जहां आखिरी बार 2024 में बांग्लादेश के खिलाफटेस्ट मैच हुआ था), रांची (जहां आखिरी बार 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था) और अहमदाबाद (जहां आखिरी बार अक्टूबर 2025 में वेस्टइंडीज के खिलाफटेस्ट मैच हुआ था) को रोटेशन नीति के अनुसार मेजबानी मिली है।



लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि गुवाहाटी को फिर से मेजबानी कैसे मिली जबकि उसने नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित किया था। गौर करने वाली बात यह है कि मुंबई और कोलकाता इस महत्वपूर्ण श्रृंखला का हिस्सा नहीं हैं। यह पता नहीं चल पाया कि बंगाल क्रिकेट संघ या मुंबई क्रिकेट संघ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की मेजबानी करने में असमर्थता व्यक्त की थी या नहीं। भारत के घरेलू सत्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। इसके अलावा भारत वेस्टइंडीज, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की मेजबानी भी करेगा। जिम्बाब्वे 2002 के बाद पहली बार भारत में द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगा। जब उसने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए आखरी बार भारत का दौरा किया था तब भारतीय टीम के कप्तान सौरव गांगुली थे।

इस सत्र में 17 शहरों में 22 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे, जिनमें वेस्टइंडीज की टीम सबसे पहले भारत दौरे पर आएगी। उसका भारत दौरा इस साल 27 सितंबर से शुरू होगा। इस दौरे में तीन मैचों की वनडे और उसके बाद पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शामिल होगी।

वनडे मैच तिरुवनंतपुरम (27 सितंबर), गुवाहाटी (30 सितंबर) और न्यू चंडीगढ़ (03 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इसके बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच लखनऊ (06 अक्टूबर), रांची (09 अक्टूबर), इंदौर (11 अक्टूबर), हैदराबाद (14 अक्टूबर) और बेंगलुरु (17 अक्टूबर) में खेले जाएंगे।

इसके बाद भारत दिसंबर में श्रीलंका की मेजबानी करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे मैच दिल्ली (13 दिसंबर), बेंगलुरु (16 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच राजकोट (22 दिसंबर), कटक (24 दिसंबर) और पुणे (27 दिसंबर) में खेले जाएंगे। जिम्बाब्वे जनवरी 2027 में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा। इस श्रृंखला के मैच कोलकाता (03 जनवरी), हैदराबाद (06 जनवरी) और मुंबई (09 जनवरी) में खेले जाएंगे।

## अक्षय कुमार संग आखिरी बार दिखेगा एक्टिंग का किंग, 6 महीने पहले छोड़ी थी दुनिया, 474 फिल्मों में किया काम..

डेस्क जगप्रेरणा।

***धुरंधर 2 की रिलीज को आज पूरा एक हफ्ता हो चुका है और अब फिल्म को लेकर मचा हल्ला अब थमने लगा है। धुरंधर 2 के बाद बॉलीवुड की अगली बड़ी फिल्म भूत बंगला होने वाली है***



जो 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। भूत बंगला में अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आएंगे। इसके साथ ही इस फिल्म में एक ऐसा भी एक्टर अपनी कॉमेडी का जलवा दिखाते नजर आएगा जो करीब 6 महीने पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह चुका है। इतना ही नहीं अब तक 474 से ज्यादा फिल्मों में अपनी एक्टिंग की धाक जमा चुका ये एक्टर आखिरी बार पर्दे पर नजर आने वाला है। ये एक्टर कोई और नहीं बल्कि असरानी हैं जिनका 20 अक्तूबर 2025 को निधन हो गया था।

### कॉमेडी के बेताज बादशाह हैं असरानी..

बॉलीवुड में अपने समय के दिग्गज एक्टर रहे असरानी ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कहा था। लेकिन उनकी खास बात ये रही कि वे अपनी अंतिम सांस तक सिनेमा के प्रति जुनून को लेकर दीवाने रहे। असरानी ने साल 1958 में अपने करियर की शुरुआत की थी और आखिरी सांस तक काम करते रहे। अब उनकी आखिरी फिल्म भूत बंगला रिलीज के लिए तैयार है और 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनका दमदार किरदार रहने वाला है। इससे पहले भी असरानी ने प्रियदर्शन के साथ कई फिल्मों में काम किया है। जिनमें से मालामाल वीकली एक ऐसी फिल्म है जो आज भी टीवी पर आती रहती है और लोगों का मनोरंजन करती है।

### 474 से ज्यादा फिल्मों में किया काम..

असरानी ने अपने करियर में कुल 474 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है और निधन के बाद भी उनकी फिल्में रिलीज हो रही हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल खोटा पैसा फिल्म से की थी और इसमें एक छोटा रोल निभाया था। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और जिंदगी के आखिरी समय भी लोगों का मनोरंजन करते रहे। उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शोले, वेलकम, चला मुरानी हीरो बनने और भूल भुलैया जैसी सैकड़ों फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। अब असरानी की फिल्म भूत बंगला भी 10 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है। फैन्स इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित भी हैं।

## कपिल शर्मा ने घर पर कराई कंजक

## नन्ही बच्चियों को खिलाया खाना और बांटे तोहफे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***नवरात्रि का त्योहार अब अपने अंतिम दिनों में है और आज पूरे देश में अष्टमी को धूमधाम से मनाया गया। घरों में मां दुर्गा की पूजा के साथ छोटी कन्यायों को भोजन कराया गया। लोगों ने अपने घर में देवी स्वरूप कंजकों का घरों में स्वागत कर पूजा की और भोजन के बाद गिफ्ट भी बांटे।***



बॉलीवुड के कॉमेडियन कपिल शर्मा ने भी अपने घर पर कंजकों का स्वागत कर उन्हें खाना खिलाया है। कपिल ने अपने इंस्टाग्राम पर इसका एक वीडियो शेयर किया है।

### बॉलीवुड सितारों ने मनाई अष्टमी..

बॉलीवुड सितारों में ने आज अष्टमी के दिन अपने घर पर कंजकों को भोजन कराया है। मनीष पॉल ने भी अपने इंस्टाग्राम पर इसकी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मनीष उनके घर पर मौजूद कंजकों की पूजा करते दिख रहे हैं। इसके बाद उन्हें खाना खिलाकर तोहफा भी दिया है। परिणीति चोपड़ा ने भी आज अष्टमी के दिन पर कंजकों के लिए भोजन रखा था। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी झलक दिखाई है जिसमें स्वादिष्ट भोजन की तस्वीर शेयर करते हुए जय माता दी लिखा है। इसके साथ ही उर्मिला मातोंडकर ने भी अपने फैन्स को बधाई दी है और दुर्गा मां की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही टीवी की दुनिया की स्टार एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने भी अष्टमी के खास मौके पर पूजा की है और इसकी फोटो शेयर की है।

### खत्म हुआ नेटफ्लिक्स शो का सीजन..

हाल ही में कपिल शर्मा अपने शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के लेटेस्ट सीजन में नजर आए थे। हालांकि अब इस शो के सीजन का अंत हो गया है और कपिल भी नए काम की तलाश में हैं। आईएमडीबी के मुताबिक कपिल की फिल्म भी पोस्ट प्रोडक्शन में है और इसका नाम है 'दादी की शादी'। इसके साथ ही उनके सुपरहिट नेटफ्लिक्स शो का भी अगले सीजन का भी अनाउंसमेंट हो सकता है। बीते दिनों अपने इसी शो में फिल्मी सितारों के साथ कपिल ने खूब मस्ती की है। आज अष्टमी के दिन उन्होंने अपने घर पर इस त्योहार को मनाया है।

## इस आईपीएल में मुझे कुछ साबित नहीं करना है: गिल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2026 टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद उन्हें आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किसी को कुछ साबित करने की आवश्यकता नहीं है। गिल टी20 विश्व कप से पहले भारत के उप-कप्तान थे, लेकिन संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में जगह देने के लिए उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। भारत ने इस बार रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीता।***

गिल भारत की टेस्ट और वनडे टीमों के कप्तान होने के साथ-साथ आईपीएल में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व भी कर रहे हैं। सत्र पूर्व संवाददाता सम्मेलन में जब इस सलामी बल्लेबाज से पूछा गया कि क्या विश्व कप में नजरअंदाज किए जाने के बाद उन्हें कुछ साबित करना है, तो गिल ने कहा, 'पिछले तीन-चार सत्रों को देखें तो मुझे लगता है कि आईपीएल में मेरे सबसे ज्यादा रन हैं। इस सत्र में मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। पिछले चार साल में हमने टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है और मैंने एक बल्लेबाज के रूप में भी अच्छा किया है।'





गिल लगातार आईपीएल में रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने पिछले सत्र में 650 रन, उससे पहले 426 रन और 2023 में 890 रन बनाए थे। उन्होंने कहा, 'मुझे वही करना है जो मैं पिछले चार साल से कर रहा हूं। टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर हम ऐसा करते रहे, तो निश्चित रूप से हम एक बार फिर ट्रॉफी जीतेंगे।'

गिल ने 2024 सत्र से हार्दिक पंड्या से कप्तानी संभाली थी। गुजरात टाइटंस ने 2022 में आईपीएल में पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था। आईपीएल के नये सत्र के बारे में पूछे जाने पर गिल ने कहा कि टीम का लक्ष्य सभी मैदानों और परिस्थितियों में समान रूप से अच्छा प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा, 'हम अलग-अलग परिस्थितियों में मैच जीतना चाहते हैं। हम ऐसी टीम नहीं बनना चाहते जो सिर्फ अच्छी विकेटों पर ही अच्छा प्रदर्शन करे।' गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर की तिकड़ी टीम के लिए अधिकांश रन बनाने की आदी है।

शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता के बारे में पूछे जाने पर, गिल के बगल में बैठे मुख्य कोच आशीष नेहरा ने मध्य क्रम को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मध्य क्रम लड़खड़ा रहा था। शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने काफी रन बनाए और लगभग 17-18 ओवर तक खेले। यही कारण है कि 13-14 मैचों के बाद टीम मजबूत स्थिति में थी। हां, टूर्नामेंट का अंत निराशाजनक रहा।' गुजरात टाइटंस 31 मार्च को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत करेगी।

## विक्की कौशल को पसंद आई 'धुरंधर', आदित्य धर की जमकर की सराहना, 'धुरंधर: द रिवेंज' पर भी दिया रिएक्शन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। आदित्य धर निर्देशित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होकर नया रिकॉर्ड बना चुकी है। फिल्म और इसकी दमदार कास्ट को लोगों से जबरदस्त प्यार मिल रहा है।***

'लव एंड वॉर' एक्टर विक्की कौशल ने फिल्ममेकर आदित्य धर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' और उसके सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' के बारे में बात की है। उन्होंने नेशनल कैपिटल में पहले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली **(IFFD)** के रेड कार्पेट पर न्यूज एजेंसी **PTI** से बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म और कास्ट की खुलकर तारीफ की।

### विक्की कौशल ने धुरंधर 2 को बताया दमदार..

रणवीर सिंह की फिल्म के बारे में बात करते हुए, विक्की ने कहा कि 'मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि धुरंधर को लेकर इतना क्रेज है। मुझे पहला पार्ट बहुत पसंद आया था... मैंने अभी दूसरा पार्ट नहीं देखा है, लेकिन आदित्य एक बेहतरीन फिल्ममेकर हैं, उनके पास एक बेहतरीन कास्ट है और मैं बहुत खुश हूं कि सभी को फिल्म इतनी पसंद आ रही है और मैं मुंबई वापस जाते ही इसे देखने वाला हूं।'



### लव एंड वॉर पर विक्की का बायन वायरल..

जब एक रिपोर्टर ने उनकी आने वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' के बारे में अपडेट पूछा तो उन्होंने कहा, 'अभी तो फेस्टिवल की बात करते हैं। उसमें अभी भी वक्त है। मुझे जाकर अभी बहुत कुछ शूट करना है।' बता दें कि दिल्ली का इंटरनेशनल फिल्म फस्टिवल **(IFFD)** 2026 में देश की राजधानी में 47 देशों की 140 फिल्में दिखाई गई। इस फेस्टिवल की शुरुआत भारत मंडपम में एक रेड कार्पेट सेरेमनी

और ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुई फिल्म 'सिरात' की शानदार स्क्रीनिंग के साथ हुई।

### विक्की कौशल की अपकमिंग फिल्में

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने 2019 में आदित्य की पहली डायरेक्टोरियल फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्हें आखिरी बार 'छावा' (2025) में देखा गया था, जो मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक संभाजी के जीवन पर आधारित एक ऐतिहासिक एक्शन फिल्म है। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी हैं। फिल्म की रिलीज डेट अभी तक अनाउंस नहीं की गई है।

## कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा भारतीय स्कीट निशानेबाजों को..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत के स्कीट निशानेबाजों को शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के शुरुआती दिन कई मंझे हुए खिलाड़ियों का सामना करना पड़ेगा जिससे उनके लिए पदक हासिल करना आसान नहीं होगा।***

इस प्रतियोगिता में कई चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुष और महिला दोनों वर्ग में 75 निशानों के साथ होगी। बाकी 50 निशाने और फाइनल रविवार को होगा। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में अधिकतम छह खिलाड़ियों को रखने का कोटा पूरा किया है। इसके साथ ही पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो ऐसे निशानेबाज भी शामिल हैं जो केवल रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

महिला वर्ग में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें चिली की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन फ्रांसिस्का क्रोवेटो चादिद और अमेरिका की विश्व चैंपियन सामंथा सिमोंटन भी शामिल हैं।

इटली की दो बार की ओलंपिक और विश्व चैंपियन डायना बाकोसी भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं। उनके अलावा अमेरिका की पूर्व विश्व चैंपियन दानिया जो विज्जी और कजाकिस्तान की विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता असीम ओरिनबे प्रतिस्पर्धा को कड़ा बना देती हैं।



भारतीय टीम में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और दोनों बहनें दर्शना राठौर और यशस्वी राठौर शामिल हैं। दोनों बहनों में सबसे छोटी यशस्वी ने 68वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया था और पिछले साल शिमकेंट में एशियाई चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग में रजत पदक भी जीता था। भारत की तरफ से अरीबा खान और मानसी रघुवंशी भी रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

पुरुषों के वर्ग में 82 प्रतिभागी अपनी किस्मत आजमाएंगे, जिनमें डेनमार्क के 2025 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एमिल केल्डगार्ड पीटरसन का नाम सबसे ऊपर है।

पिछले सत्र के विश्व कप फाइनल के विजेता अमेरिका के क्रिश्चियन इलियट, इटली के दो बार के ओलंपिक चैंपियन गैब्रिएल रोसेटी, तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता डेनमार्क के जेस्पर हैनसेन और कतर के पूर्व विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के चैंपियन मसूद सालेह अल-अथबा प्रतियोगिता में शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। पहली बार कनाडा का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी अंगद वीर सिंह बाजवा भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह पिछले साल तक भारत की तरफ से खेल रहे थे।

भारत की उम्मीदें अनुभवी मान सिंह और परम्पल सिंह गुरोन के साथ-साथ ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया पर टिकी होंगी, जो सीनियर स्तर पर किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे हैं। पूर्व एशियाई चैंपियन मान सिंह तीन साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि परम्पल ने आखिरी बार 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। ज्योतिरादित्य ने पिछले साल शिमकेंट एशियाई चैंपियनशिप में अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जूनियर कांस्य पदक जीता था और वह भारत के लिए सीनियर स्तर पर पदार्पण करने के लिए पूरी तरह से उत्सुक होंगे। सुखबीर सिंह हरिका और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन हरमेहर सिंह लल्ली रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# देश में 60 दिन का तेल भंडार, एक महीने के लिए एलपीजी आपूर्ति की पक्की व्यवस्था : सरकार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में लगभग 60 दिन का तेल भंडार है और एक महीने की एलपीजी आपूर्ति की व्यवस्था कर ली गई है। सरकार ने कहा कि पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।***

सरकार ने कमी की खबरों को 'जानबूझकर फैलाया गया 'गलत सूचना अभियान' बताया, जिसका उद्देश्य लोगों में घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा देना है।

पेट्रोल पंप और एलपीजी वितरकों के यहां घबराहट में खरीदारी और लंबी कतारों की खबरों के बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कच्चे तेल, ईंधन और एलपीजी के भंडार का विवरण जारी किया। इसका मकसद लोगों की घबराहट को दूर करना है।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने भी कहा कि पेट्रोल, डीजल या तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश भर के सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त भंडार है और वे सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। पेट्रोल या डीजल की कोई राशनिंग नहीं की जा रही है।

बयान के अनुसार, विशेषकर छोटे शहरों में कुछ पेट्रोल पंप को पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा 'कैश-एंड-कैरी' यानी नकद भुगतान प्रणाली लागू किए जाने के बाद ईंधन की आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

पेट्रोल पंप को दी जाने वाली ऋण राशि को पहले की एक दिन की अनुमति से बढ़ाकर तीन दिन से अधिक करने के लिए कदम उठाए गए हैं, ताकि पंप मालिकों की कार्यशील पूंजी संबंधी समस्याओं के कारण किसी भी पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी न हो।

बयान के अनुसार, ''देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है।''



मंत्रालय ने कहा कि सभी खुदरा ईंधन दुकानों में पर्याप्त आपूर्ति है और नागरिकों से अपील की कि वे 'जानबूझकर फैलाई जा रही दुर्भावनापूर्ण, सुनियोजित गलत सूचना अभियान से गुमराह न हों, जिसका उद्देश्य लोगों के बीच अनुचित घबराहट पैदा करना है।''

ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल (पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन बनाने में प्रयुक्त कच्चा माल) की आधी आपूर्ति बाधित हुई है, लेकिन देश ने अगले 60 दिन के लिए अन्य स्रोतों से पर्याप्त कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित कर ली है। साथ ही, ईंधन टैंक अनुकूलतम स्तर पर हैं और दो महीने की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं।

एलपीजी के संबंध में, मंत्रालय ने कहा कि 8,00,000 टन एलपीजी कार्गो सुरक्षित कर लिए गए हैं और पूरे एक महीने की आपूर्ति की व्यवस्था पक्की कर ली गई है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने अलग से दी सूचना में कहा कि उनके पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और किसी भी ईंधन की कोई कमी नहीं है।

पेट्रोलियम उत्पादों के परिशोधन के मामले में दुनिया में चौथे और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक भारत, घरेलू ईंधन की उपलब्धता को संरचनात्मक रूप से सुनिश्चित करता है और 150 से अधिक देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है।

बयान के अनुसार, ''प्रत्येक भारतीय रिफाइनरी (जो कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित करती है) 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चल रही है।'' अगले 60 दिन के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। आपूर्ति में कोई कमी नहीं है।''

इसमें कहा गया है कि भारत के पास कुल 74 दिन की कच्चे तेल और ईंधन भंडारण क्षमता है।

मंत्रालय ने कहा, ''पश्चिम एशिया संकट के 27वें दिन भी, हमारे पास अभी लगभग 60 दिन का वास्तविक भंडार (जिसमें कच्चे तेल का भंडार, उत्पाद भंडार और रणनीतिक भंडारण शामिल है) है।''

बयान के अनुसार, ''वैश्विक स्तर पर चाहे जो भी हो, प्रत्येक भारतीय नागरिक की जरूरतों को पूरा करने लिए लगभग दो महीने की स्थिर आपूर्ति उपलब्ध है।''

मंत्रालय ने कहा कि दो माह की कच्चे तेल की खरीद पहले ही सुनिश्चित होने की वजह से अगले कुछ माह तक भारत के लिए समस्या नहीं है और ऐसी आपूर्ति की स्थिति में रणनीतिक भंडारण में रखी मात्रा का महत्व गौण हो जाता है। बयान के अनुसार, ''देश में भंडार के समाप्त या अपर्याप्त होने के किसी भी दावे को पूरी तरह से खारिज कर देना चाहिए।''

मंत्रालय ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव के बावजूद कच्चे तेल की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। जो भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, उसकी भरपाई वैकल्पिक स्रोतों से अधिक आपूर्ति के जरिये हो रही है। भारतीय रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से अधिक पर काम कर रही हैं और अगले 60 दिन के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है।

सरकार ने चेतावनी दी, ''सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट और कमी या आपातकालीन उपायों के मनगढ़ंत दावे अनावश्यक चिंता पैदा करने के लिए फैलाए जा रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।''

मंत्रालय ने कहा कि देशभर में एक लाख से अधिक पेट्रोल पंप खुले हैं और बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति कर रहे हैं। ''किसी भी पेट्रोल पंप को आपूर्ति सीमित करने के लिए नहीं कहा गया है।''

दुनिया के कई देश ईंधन की कीमतों में वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन वाहन प्रतिबंध और ईंधन स्टेशनों को जबरन बंद करने जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। कुछ देशों ने 'राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल' घोषित किया है।

मंत्रालय ने कहा, ''भारत को ऐसे किसी भी उपाय की आवश्यकता महसूस नहीं होती है। जबकि अन्य देश राशनिंग कर रहे हैं। सही मायने में भारत में आपूर्ति की कोई कमी नहीं है।''

बयान के अनुसार, 'चुनिंदा पंप' पर 'कुछ छिटपुट घटनाओं' को घबराहट में खरीदारी बताते हुए मंत्रालय ने कहा कि ''ये सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो द्वारा फैलाई गई जानबूझकर गलत सूचना के कारण हुई थीं।'' मंत्रालय ने कहा, ''इन पंप पर मांग में वृद्धि के बावजूद, सभी उपभोक्ताओं को ईंधन की आपूर्ति की गई और तेल कंपनियों के डिपो आपूर्ति बढ़ाने के लिए रात भर चालू रहे।''

बयान के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति के बावजूद, भारत को आज विश्व भर में अपने 41 से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से पहले की तुलना में अधिक कच्चा तेल प्राप्त हो रहा है।

# यमुना एक्सप्रेसवे के पास घरों की कीमतें पांच साल में तीन गुना हुईं : रिपोर्ट..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के पास स्थित आवासीय संपत्तियों की औसत कीमतें पिछले पांच साल में करीब तीन गुना हो गई हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी स्क्वायर याड्र्स की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।***

रिपोर्ट के अनुसार, यह तेजी मुख्य रूप से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, खासकर उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कारण आई है। हालांकि, रिपोर्ट कहती है कि आने वाले समय में कीमतों में वृद्धि की रफ्तार धीमी रहने की उम्मीद है और अगले दो साल में यह बढ़ोतरी करीब 22 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

परामर्श कंपनी स्क्वायर याड्र्स ने 'रनवे टू रियल्टीः हाउ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इज रीशेपिंग रियल्टी' शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में संपत्ति के दामों में तेज उछाल देखा गया। रिपोर्ट में बताया गया कि इस अवधि में फ्लैट की कीमतें लगभग तीन गुना हो गईं, जबकि प्लॉट की कीमतों में औसतन डेढ़ गुना वृद्धि दर्ज की गई। कुछ खास इलाकों में यह वृद्धि पांच गुना तक पहुंच गई, जो निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी और बुनियादी ढांचे के विकास को दर्शाती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान बाजार में स्थिरता आने की उम्मीद है, जिसमें प्लॉट की कीमतों में सीमित बढ़ोतरी और फ्लैट की मांग में बढ़त देखी जा सकती है।

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वर्ष फ्लैट की औसत कीमत करीब 9,600 रुपये प्रति वर्ग फुट और प्लॉट की कीमत करीब 2,500 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। वर्ष 2027 तक इनके क्रमशः 11,800 रुपये और 3,200 रुपये प्रति वर्ग फुट तक पहुंचने का अनुमान है।

कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तनुज शोरी ने कहा कि नोएडा का रियल एस्टेट बाजार इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इसे वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# ओला इलेक्ट्रिक ने 'एंड आईसीई एज' अभियान शुरू किया, इलेक्ट्रिक वाहन 49,999 रुपये से उपलब्ध..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***ओला इलेक्ट्रिक ने बृहस्पतिवार को 'एंड आईसीई एज' अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार को तेजी से बढ़ावा देना है।***



कंपनी ने बताया कि इस अभियान के तहत वह अपने एस1 एक्स (2 किलोवाट घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट घंटा) मॉडल की शुरुआती कीमत 49,999 रुपये रख रही है। इसके साथ ही पूरे उत्पाद समूह पर 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं, जो 31 मार्च, 2026 तक मान्य होंगे।

कंपनी का कहना है कि इस पहल से इलेक्ट्रिक वाहन आम लोगों के लिए अधिक आकर्षक विकल्प बनेंगे, खासकर ऐसे समय में जब ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भाविश अग्रवाल ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने ऊर्जा सुरक्षा के महत्व को फिर से सामने ला दिया है और देश को ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि 'सएंड आईसीई एज' अभियान के तहत कंपनी अपने उत्पादों को किफायती कीमत, भरोसेमंद सेवा और भविष्य में आसान बदलाव की सुविधा के साथ पेश कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाएं।

कंपनी ने ग्राहकों के लिए सेवा से जुड़ी कई सुविधाएं भी दी हैं, जिनमें तय समय के भीतर सेवा, खरीद वापसी गारंटी और लंबी अवधि की वारंटी शामिल है। यदि सेवा में देरी होती है तो ग्राहकों को मुफ्त टैक्सी सुविधा भी दी जाएगी।

इसके अलावा कंपनी ने बताया कि उसके सभी एस1 स्कूटर और रोडस्टर मोटरसाइकिल पर अब आठ साल की विस्तारित वारंटी दी जा रही है, जिससे ग्राहकों को लंबे समय तक भरोसा और सुविधा मिल सके।

# देहरादून पिथौरागढ़ के बीच हवाई सेवा फिर शुरू


देहरादून/ पिथौरागढ़, (भाषा)।

***उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच अलायंस एयर की 42 सीट की विमान सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।***

दोनों शहरों के बीच यह विमान सेवा पिछले करीब छह माह से बंद थी जिसे अब दोबारा शुरू किया गया है।

ऋषिकेश के निकट जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर विमान को रवाना करने के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर शुरू हुई इस हवाई सेवा के जरिये पिथौरागढ़ और देहरादून के बीच का सफर एक घंटे में पूरा हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हवाई सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा सामरिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ के नैनी सैनी हवाई अड्डे को 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है और इसके अधिग्रहण के लिए नौ नवंबर, 2025 को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन किया गया था।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2016 में शुरू हुई 'उड़ान' योजना के माध्यम से छोटे शहरों, दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क से जोड़कर आम नागरिकों को सस्ती दरों पर हवाई सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए हवाई सेवाएं मात्र एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं जहां दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में आवश्यक सामग्री पहुंचाने से लेकर गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक लाने में हवाई सेवाएं कारगर साबित हो रही हैं।

धामी ने कहा कि वर्तमान में 'उड़ान' के अंतर्गत राज्य में 26 हवाई मार्गों का संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़ने के लिए 2023 में ÷उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी योजना÷ प्रारंभ की गई है और वर्तमान में इसके तहत छह हवाई मार्गों पर उड़ानों का नियमित संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते चार साल में प्रदेश में हेलिपोर्ट की संख्या दो से बढ़कर 12 हो गई है जबकि हेलीपैड की संख्या 60 से बढ़कर 118 हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को ÷बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ एविएशन इकोसिस्टम÷ जैसा राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

इस मौके पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने एक वीडियो संदेश के जरिये देहरादून- पिथौरागढ़ विमान सेवा के लिए अपनी शुभकामानाएं देते हुए राज्य में हवाई सुविधाओं को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।

उधर, पिथौरागढ़ में जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि पिथौरागढ़ और देहरादून के बीच अलायंस एयर की यह हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली और पिथौरागढ़ के बीच भी यही कंपनी सेवाएं दे रही हैं।

देहरादून और पिथौरागढ़ के बीच करीब एक साल तक विमान सेवा चलने के बाद पिछले साल अक्टूबर में यह बंद हो गयी थी।

# भारत में टैबलेट पीसी बाजार 2025 में दो प्रतिशत बढ़ा, सैमसंग शीर्ष पर:रिपोर्ट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत में टैबलेट पीसी बाजार 2025 में सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़ा, जिसमें सैमसंग सबसे अधिक बिक्री दर्ज करने वाली कंपनी रही। हालांकि, एप्पल और एसर की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट में यह बात कही गई।***




रिपोर्ट के अनुसार, 30,000 से 40,000 रुपये मूल्य वर्ग में सबसे तेजी से वृद्धि देखी गई, जहां बिक्री लगभग सात गुना बढ़ी।

काउंटरपॉइंट की मुख्य विश्लेषक अंशिका जैन ने बताया कि बाजार में प्रीमियम खंड की ओर रुझान साफ दिखाई दे रहा है, जो प्रमुख ब्रांड द्वारा किए गए रणनीतिक उत्पाद नवोन्मेषण से प्रेरित है।

रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग की बिक्री में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 2025 में 31 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2024 में यह 27 प्रतिशत थी। सैमसंग ने पहले तीन तिमाहियों में गैलेक्सी टैब ए9 सीरीज और चौथी तिमाही में ए11 सीरीज के जरिये अपनी स्थिति मजबूत रखी, जबकि गैलेक्सी टैब एस पोर्टफोलियो के माध्यम से प्रीमियम खंड में भी अपनी मौजूदगी बनाए रखी।

रिपोर्ट के मुताबिक, एप्पल 2025 में 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। हालांकि, उसकी बिक्री में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट आई। आईपैड (2025) 128जीबी वाई-फाई संस्करण ने 30,000ङ्क40,000 रुपये मूल्य वर्ग में प्रमुख भूमिका निभाई। आईपैड प्रो सीरीज ने ओएलईडी प्रौद्योगिकी के प्रसार को बढ़ावा दिया और उच्च प्रदर्शन वाले टैबलेट खंड में एप्पल की स्थिति मजबूत की।

रिपोर्ट के अनुसार, लेनोवो ने 15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी दर्ज की। कंपनी की बिक्री में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। श्याओमी की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत रही और उसकी बिक्री में 74 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एसर की बिक्री में 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 2025 में 10 प्रतिशत रह गई, जो 2024 में 21 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2025 भारत के टैबलेट विनिर्माण परिदृश्य में महत्वपूर्ण वर्ष रहा। सैमसंग और लेनोवो के नेतृत्व में निर्यात 10 लाख इकाई से अधिक हो गया, मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप के बाजारों की ओर। घरेलू उत्पादन वार्षिक बिक्री का 50 प्रतिशत बन गया, जिससे स्थानीयकरण में तेजी आई।

# भारतीय एयरलाइन कंपनियां इन गर्मियों में 10 प्रतिशत कम उड़ानें करेंगी संचालित

नई दिल्ली/मुंबई, (भाषा)।

भारतीय एयरलाइन कंपनियां 29 मार्च से शुरू होने वाले ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान प्रति सप्ताह 23,000 से कुछ अधिक घरेलू उड़ानें संचालित करेंगी। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत कम है।

विमानन नियामक डीजीसीए ने नौ एयरलाइन कंपनियों के लिए 29 मार्च से 24 अक्टूबर तक चलने वाला घरेलू उड़ानों का ग्रीष्मकालीन सत्र प्रकाशित किया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि एयरलाइंस 2026 के ग्रीष्मकालीन सत्र में पिछले साल की अवधि की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत कम उड़ानें संचालित करेंगी। बीते वर्ष ग्रीष्मकालीन सत्र में प्रति सप्ताह 25,610 उड़ानों का संचालन किया गया था। इस बार 10 प्रतिशत की कमी का मतलब है कि उड़ानों की संख्या में 2,561 की कमी आएगी। यानी कुल उड़ानें लगभग 23,049 प्रति सप्ताह होंगी। डीजीसीए ने अपनी वेबसाइट पर 2026 के लिए एयरलाइन कंपनियों के अनुसार घरेलू ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम जारी कर किया है। लेकिन इसमें पिछले ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम या मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम के साथ तुलनात्मक आंकड़े और समेकित जानकारी नहीं दी गई है। इस साल ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के दौरान उड़ानें संचालित करने वाली नौ एयरलाइन... एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो, अकासा एयर, स्पाइसजेट, अलायंस एयर, फ्लाई91, स्टार एयर और इंडियावन एयर...हैं। एयरलाइन कंपनियों को 26 अक्टूबर, 2025 से 28 मार्च, 2026 तक चलने वाले मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम के तहत प्रति सप्ताह 26,495 उड़ानें संचालित करनी थीं। हालांकि, दिसंबर की शुरुआत में इंडिगो में परिचालन संबंधी बाधाओं का असर पड़ा और डीजीसीए ने एयरलाइन की शीतकालीन उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती कर दी। इस बीच, 28 फरवरी से शुरू हुआ पश्चिम एशिया संघर्ष इस क्षेत्र में भारतीय एयरलाइन कंपनियों की उड़ान सेवाओं को काफी हद तक बाधित कर रहा है। इस संदर्भ में, एयरलाइन के अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अनिश्चितता का माहौल है और मौजूदा ग्रीष्मकालीन सूची में और कटौती की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि उड़ान कार्यक्रम मुख्य रूप से जनवरी और फरवरी में तैयार किया गया था। उस दौरान पश्चिम एशिया संघर्ष से संबंधित कोई जोखिम नहीं था। अब स्थिति पूरी तरह से बदल गई है और परिचालन संबंधी जटिलताएं बढ़ गई हैं।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# शास उमावि बहेला का नवमी व ग्यारहवीं का परीक्षाफल घोषित..

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश शासन राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला का कक्षा 9वीं एवं 11वीं परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9 वीं का परीक्षा परिणाम 59.7 प्रतिशत तथा कक्षा 11 वीं का परीक्षा परिणाम 60.62 प्रतिशत रहा।***

जिसमें कक्षा 11वीं कला से 53.6 प्रतिशत तथा साइंस से 89.7 प्रतिशत छात्र सफल हुए। कक्षा 9 वीं में प्रथम स्थान नमन कटरे संजय कटरे 97 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नियती दशरिया रामकिशोर दशरिया 94.67 प्रतिशत, तृतीय स्थान आस्था अवसरे रामनिवास अवसरे 94.17 प्रतिशत का रहा इसी प्रकार कक्षा 11वीं जीवविज्ञान समूह में प्रथम स्थान गरिमा लिल्हारे भागीरथ लिल्हारे 92 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रेवती टांडेकर मनोज टांडेकर 76.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान वर्षा नगपुरे राजेन्द्र नगपुरे 74.6 प्रतिशत। गणित समूह में प्रथम स्थान जतिन पिछोरे पुनाराम पिछोरे 96.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान दिव्या गेडाम खेमेश्वर गेडाम 93.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान राज मस्करे देवेन्द्र मस्करे 92.4 प्रतिशत ,कला समूह में प्रथम स्थान पूनम मेश्राम लक्ष्मीनारायण मेश्राम 85.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नंदनी फुंडे यशवंत फुंडे 85.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान शीतल मातरे सुनील मातरे 82.4 प्रतिशत ने प्राप्त किया। प्राचार्य गणेश फरदे एवं समस्त स्टाफने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा अनुत्तीर्ण छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे निराश नहीं हो उन्हें शासन द्वारा एक अवसर दिया गया है जिसकी परीक्षा जून माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी। नवीन शिक्षा - सत्र 2026-27 दिनांक 01-04-2026 से प्रारंभ हो रहा है जिसकी तैयारी चल रही है। वर्तमान में शाला में प्रवेश प्रारंभ है इच्छुक छात्र छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं। व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत शाला में कक्षा 9 वीं में इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर तथा 11 वीं में ड्रोन तथा वेब डेवलपर की कक्षाएं संचालित है।




# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल की भिड़ंत, 4 घायल

## तेज गति और लापरवाही से बढ़ रहा दुर्घटनाओं का ग्राफ

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी थाना क्षेत्र में सडक़ हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला ग्राम इटोरा चौक का है, जहां एक तेज रफ्तार स्कार्पियो और मोटर सायकल की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां सभी को भर्ती कर उपचार किया गया।***

घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोचेवाही निवासी लक्ष्मण यादव उम्र 48 वर्ष के यहां विवाह समारोह में शामिल होने छत्तीसगढ़ के छुईखदान निवासी दर्शन यादव उम्र 60, लखन यादव उम्र 65 एवं उनका एक पोता लांजी पहुंचे थे। इन्हें लेने के लिए लक्ष्मण यादव अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 जेड सी 0982 से लांजी आए थे और सभी को लेकर वापस कोचेवाही जा रहे थे। इसी दौरान भिमोड़ी से लांजी की ओर आ रही स्कार्पियो वाहन क्रमांक एपी 28 डीवी 2594 से ग्राम इटोरा चौक पर उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि उक्त स्कार्पियो वाहन पूनाराम कुचलाहे की है,



जो हैदराबाद में ठेकेदारी करते है अष्टमी पूजा के लिए परिवार सहित ट्रेन द्वारा गोंदिया पहुंचे थे और उन्हें लेने वाहन गोंदिया गया था। वापसी के दौरान भिमोड़ी में एक बालिका को छोडऩे के बाद स्कार्पियो लांजी लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

वाहन चालक का नाम कैफ बताया जा रहा है। घटना में लखन यादव को दाएं पैर की जांघ में गंभीर चोट आई है, जबकि लक्ष्मण यादव एवं दर्शन यादव को हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू करते हुए दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो को लांजी थाना लाकर अभिरक्षा में रखा गया है पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# छिंदवाड़ा में बस और पिकअप वाहन की टक्कर में 10 लोगों की मौत, 31 घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में बृहस्पतिवार शाम को एक सार्वजनिक कार्यक्रम से लौट रही एक बस और एक पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए।***

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

उन्होंने साथ ही यह घोषणा भी की कि सभी घायलों का इलाज मुफ्त में किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर नागपुर रोड पर सिमरिया के पास हुई। उन्होंने बताया कि हादसे में छह पुरुष, तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि घायलों में तीन की हालत गंभीर है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे के समय बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे।

अधिकारियों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस और अन्य वाहनों के माध्यम से जिला अस्पताल और अन्य अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को घटना में प्रभावित लोगों से मुलाकात करने के निर्देश दिए। यादव ने हादसे में लोगों की मौत के प्रति शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की। यादव ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज के लिए उचित व्यवस्था करने के साथ ही जबलपुर से चिकित्सकों का दल छिंदवाड़ा और नागपुर भेजने का निर्देश दिया।



यादव ने मृतकों के निकटम परिजनों को चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की और कहा कि सभी घायलों का इलाज निःशुल्क किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य विभाग में नियंत्रण कक्ष बनाकर सभी घायलों के उपचार की लगातार निगरानी की जा रही है। विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने कहा कि छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रही बस की भीषण दुर्घटना में 10 लोगों की मृत्यु एवं 30 से अधिक लोगों के घायल होने की घटना अत्यंत दुखद एवं गंभीर है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चूंकि सभी लोग मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे थे, अतः यह राज्य सरकार एवं स्वयं मुख्यमंत्री की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी है कि घायलों को शीघ्र अति-शीघ्र उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाए और प्रत्येक पीड़ित परिवार को तत्काल समुचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों के अनुसार कार्यक्रम में बसों के माध्यम से अत्यधिक संख्या में लोगों को लाया गया था। उन्होंने कहा, 'ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या उनके सुरक्षित आवागमन हेतु कोई ठोस एवं पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।' सिंघार ने कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्थागत लापरवाही का गंभीर संकेत है। उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार इस पर स्पष्ट जवाब दे और जिम्मेदारी तय करे।'

# अमेरिका, ईरान जंग का असर..

## होटल व अन्य व्यवसाय पर अप्रत्यक्ष असर, अफवाहों के बाजार के बीच मंहगाई का असर ज्यादा..

जगप्रेरणा लांजी।

***दूर कहीं चल रही जंग अब आम आदमी की थाली तक असर डाल रही है। लांजी में गैस संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक घटनाएं अब सीधे स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करने लगी हैं। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो यह संकट और गहराने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।***








मध्य पूर्व में चल रहे ईरान-इजरायल और अमेरिका युद्ध का असर अब सिर्फ अंतरराष्ट्रीय राजनीति या बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसकी तपिश छोटे कस्बों की रोजमर्रा की जिंदगी तक महसूस की जाने लगी है। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने, गैस और ईंधन की किल्लत बढऩे और सप्लाई चेन में आई रुकावटों के बीच देश के भीतर भी हालात बदलते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों को आपात परिस्थितियों के लिये तैयार रहने का संदेश भी चर्चा में है। इन तमाम घटनाक्रमों के बीच बालाघाट जिले के लांजी तहसील क्षेत्र में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई ठप होने से होटल और रेस्टारेंट व्यवसाय पर सीधा असर पड़ा है। जहां एक ओर रसोई की आग ठंडी पड़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर इस व्यवसाय से जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। हालात ऐसे हैं कि कहीं रेस्टारेंट सीमित मेन्यू के साथ जुगाड़ से चल रहे हैं, तो कहीं संचालकों ने ताले लगाने का निर्णय ले लिया है। वहीं अब इसका सीधा असर होटल-रेस्टारेंट व्यवसाय, रोजगार और आम उपभोक्ताओं की जेब-तीनों पर इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालात जल्द सामान्य नहीं हुए तो इसका असर स्थानीय बाजारों पर और अधिक गहरा सकता है।

### गैस खत्म, भविष्य अनिश्चित..

लांजी-भिलाई मार्ग स्थित फूड कैपिटल के संचालक प्रताप लिल्हारे ने बताया कि दो दिन बंद रहने के बाद 25 मार्च को रेस्टारेंट खोला गया, लेकिन यह सिलसिला कब तक चलेगा, इसकी कोई निश्चितता नहीं है। उनके अनुसार फिलहाल उनके पास महज दो दिनों का गैस स्टॉक बचा है, जिसके बाद संचालन जारी रखना मुश्किल हो जाएगा।

### चूल्हे-भट्टी पर सिमटा मेन्यू..

बालाघाट मार्ग स्थित आनंदी रेस्टारेंट के संचालक चंद्रकांत वंशपाल ने संकट से निपटने के लिये पारंपरिक तरीका अपनाया है। उन्होंने गैस के बजाय लकड़ी की भट्टी और चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि इस कारण रेस्टारेंट का मेन्यू पूरी तरह बदल गया है- अब सिर्फ वही व्यंजन उपलब्ध हैं जो चूल्हे पर आसानी से बन सकते हैं। फास्ट फूड और त्वरित पकने वाले आइटम फिलहाल ग्राहकों को नहीं मिल पा रहे हैं।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं, रेस्टारेंट बंद..

नगर के प्रमुख एफ एंड डी रेस्टारेंट के संचालक रविंद्र धारने ने स्पष्ट रूप से कहा कि गैस की पर्याप्त आपूर्ति न मिलने के कारण उन्होंने फिलहाल रेस्टारेंट बंद करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि ग्राहकों को जिस स्तर का स्वाद और गुणवत्ता देने की अपेक्षा रहती हैए वह वर्तमान परिस्थितियों में संभव नहीं है, इसलिए व्यवसाय बंद रखना ही उचित विकल्प है।

### जुगाड़ के सहारे टिके छोटे व्यापारी..

गैस संकट का सबसे अधिक असर छोटे व्यापारियों पर देखने को मिल रहा है। जो लोग 5 किलो के छोटे सिलेंडरों पर निर्भर हैंए उनके लिये स्थिति और भी गंभीर हो गई है। कोई डीजल भट्टीए तो कोई इलेक्ट्रिक साधनों का सहारा लेकर काम चला रहा है, वहीं कुछ लोग घरों से भोजन तैयार कर बेचने को मजबूर हैं।

### कर्मचारियों पर मंडराया रोजगार संकट..

होटल और रेस्टारेंट व्यवसाय में काम करने वाले कर्मचारियों के लिये यह संकट सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है। काम कम होने या रेस्टारेंट बंद होने की स्थिति में उनकी आय प्रभावित हो रही है, जिससे उनके परिवार की आजीविका पर भी संकट गहराने लगा है।

### क्या कहतें है गैस एजेंसी के संचालक..

इंडेन गैस एजेंसी के संचालक विवेक बोरकर ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिये गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है, लेकिन कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई फिलहाल पूरी तरह बंद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देशों के अनुसार ही आगे आपूर्ति की जाएगी।

# संयुक्त अरब अमीरात में मिसाइलों के मलबे की चपेट में आने से एक भारतीय समेत दो लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों का मलबा बृहस्पतिवार को अबू धाबी की एक सड़क पर गिरा, जिसकी चपेट में आने से एक भारतीय समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।***

अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने बताया कि इस घटना में मारा गया दूसरा व्यक्ति पाकिस्तानी नागरिक है जबकि तीन अन्य घायलों में भी एक भारतीय शामिल है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली ईरान से आने वाली मिसाइलों और ड्रोन हमलों के खतरों का नियमित अंतराल पर जवाब दे रही है।

अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने बताया, 'हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफ्लतापूर्वक रोके जाने के बाद अबू धाबी अधिकारियों ने स्वेहान स्ट्रीट में मलबा गिरने की घटना पर प्रतिक्रिया दी है।' उसने बताया, 'इस घटना में पाकिस्तान और भारत के दो लोगों की मौत हो गई और अमीरात, जॉर्डन और भारतीय राष्ट्रीयता के तीन व्यक्तियों को गंभीर से लेकर मध्यम दर्जे की चोटें आईं।' 'गल्फन्यूज' के मुताबिक, अबू धाबी में हुई ताजा घटना के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 11 हो गई है। संयुक्त अरब अमीरात की वायु रक्षा प्रणालियों ने 26 मार्च 2026 को ईरान से दागी गई 15 बैलिस्टिक मिसाइलों और 11 मानवरहित हवाई यान (यूएवी) को निष्क्रिय कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।



मंत्रालय ने बताया कि ईरान के हमलों की शुरुआत से अब तक यूएई की वायु रक्षा प्रणालियों ने 372 बैलिस्टिक मिसाइलें, 15 क्रूज मिसाइलें और 1,826 यूएवी को बीच हवा में मार गिराया है। उसने बताया, 'इन हमलों में राष्ट्रीय कर्तव्य निभाते हुए सशस्त्र बलों के दो जवान शहीद हो गए। इसके अलावा, सशस्त्र बलों के साथ कार्यरत मोरक्को के एक नागरिक की भी मृत्यु हुई। साथ ही पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, फलस्तीन और भारत के आठ नागरिकों की भी जान गई।' कुल 169 लोग घायल हुए, जिनमें कुछ को मामूली, कुछ को मध्यम और कुछ को गंभीर चोटें आई हैं।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और देश की संप्रभुता, सुरक्षा व स्थिरता की रक्षा सुनिश्चित करते हुए तथा अपने राष्ट्रीय हितों और क्षमताओं की सुरक्षा करते हुए देश की सुरक्षा को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करेगा।

# नगर गौरव दिवस पर आज लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन..

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर परिषद लांजी द्वारा शासन के निर्देशानुसार हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 27 मार्च 2026 को 'नगर गौरव दिवस' के रूप में मनाने जा रही है।***

नगर गौरव दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार को रात्रि 09.00 बजे से वीरांगना रानी अवंती बाई मिनिस्टेडियम, लांजी में भव्य लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोक गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जो नगरवासियों के लिए एक यादगार शाम साबित होंगी। नगर परिषद लांजी ने समस्त नगरवासियों, आमजनों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे 27 मार्च 2026 को रात्रि 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर नगर गौरव दिवस मनाने में भाग लें और निकाय को अपना सहयोग प्रदान करें।




सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

# अ‍ॅड. रूद्रसेनजी केवलजी बोरकर साहब का आज प्रथम पुण्यस्मरण..

## दो शब्द मेरे प्रेरक, भावुक और प्यारे अ‍ॅड. रूद्रसेनजी बोरकर साहब की प्रथम पुण्यस्मरण पर..



जगप्रेरणा गोरेगांव।

*डी. पी. खोब्रागडे, वकील द्वारा बताया गया कि एक छोटे से गाँव में साहब का जन्म हुआ और उस समय जो की एक विषमता*


की खाई थी, गरीबी की मार और छुआछूत की परंपरा थी, ऐसे माहौल में साहब अपनी प्रारंभीक पढाई गोंदिया से पूरी कर, वकालत की पढाई नागपूर और पूणे से पूरी की। साहब को बचपन से ही आर्थिक दिक्कतो का सामना करना पडा, लेकीन सहब कभी रूके नही और यही खासीयत और कठिन परिश्रम है, जो आज ऐसा कोई नही जो साहब को जानता न हो।

साहब एक वकील ही नही तो वे एक बोहत ही तर्कशील लेखक भी थे और उनकी लिखी वकालत पर किताब काफी प्रसिध्द है, 'A Treaties on HINDU LAW (With Critical Analysis of the Case Law) यह किताब हर उस वकालत के विद्यार्थिने और वकील ने जरूर पढनी चाहिये, जिसे हर पहलू पर साहब ने नजर डाली। साहब जिला न्यायालय गोंदिया से तो हायकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक ख्याती प्राप्त कर चुके है। ऐसे चौकस व्यक्तित्त्व को शत शत नमन।

साहब का संपूर्ण जीवन संघर्ष भरा रहा। मैं जब साहब से मिला तो ऐसा लगा मानों मै किसी जादूगर से मिला, साहब को किसी भी केस से संबंधीत कूछ भी पूछो, पेज नंबर के साथ आपको बता देते, यह थे हमारे अ‍ॅड. रूद्रसेनजी बोरकर साहब।

साहब, अब हमारे बीच नही रहे, लेकीन उनके मार्गदर्शक शब्द आज भी मेरे लिए अमर है। साहब के विषय में मै और भी बहुत सारा लिखना चाहता हू और समय समय पर उनकी जिवनी, संघर्ष, शिक्षा, वकालत में साहब क्यू आये आदी, पर आज मेरे प्रेरक शारिरिक रूप से मेरे साथ न होकर वह मेरे दिल और दिमाग में हमेशा हमेशा रेहेंगे, यही मेरी साहब को सच्ची श्रध्दांजली है।

# द पू म रे नागपुर मंडल के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा मार्च 2026 की उल्लेखनीय उपलब्धि -आत्मनिर्भरता और कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



जगप्रेरणा गोंदिया।

*दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 के दौरान आत्मनिर्भरता और कौशल विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।*

यह सफलता महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश, मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री जी. पी. खुटे के मार्गदर्शन तथा डिज़ाइन प्रोजेक्ट टीम एवं मुख्यालय के समन्वित सहयोग से संभव हो सकी है। इस उपलब्धि के अंतर्गत कटांगी स्टेशन पर बीके-64 समपार गेट को हटाने के संदर्भ में आवश्यक सिग्नलिंग संशोधन कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

यह कार्य सभी आवश्यक अनुमोदनों एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए अत्यंत दक्षता के साथ संपन्न किया गया, जो विभाग की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह सफलता मंडल के कर्मचारियों के निरंतर प्रशिक्षण, कौशल विकास और व्यावहारिक अनुभव का प्रतिफल है। इंजीनियरों एवं कर्मचारियों ने योजनाबद्ध तरीके से टीमवर्क के माध्यम से इस कार्य को अंजाम दिया, जिससे उनकी कार्यकुशलता, समर्पण और नवाचार की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस कार्य को मात्र एक माह की अवधि में पूर्ण किया गया, जो टीम की उत्कृष्ट समन्वय क्षमता और समयबद्ध कार्य निष्पादन को दर्शाता है। इस प्रकार की पहल न केवल बाहरी संसाधनों पर निर्भरता को कम करती है, बल्कि कर्मचारियों को सशक्त बनाते हुए उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर भी प्रदान करती है।

वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रयास भविष्य में भारतीय रेलवे को और अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर एवं दक्ष बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। यह सफलता एक सशक्त, प्रशिक्षित एवं भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# बच्चों से जुड़े कानून को असरदार तरीके से लागू करें- एडिशनल डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर मीनाज मुल्ला

## महिला एवं बाल विकास विभाग का रिव्यू..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*एडिशनल डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर मीनाज मुल्ला ने निर्देश दिया कि जिले में बच्चों के साथ काम करने वाले सभी सरकारी और गैर-सरकारी संगठन बच्चों के खिलाफअन्याय और अत्याचार को रोकने के लिए कानून को असरदार तरीके से और जल्दी लागू करें।*

वे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस के हॉल में महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन वात्सल्य स्कीम के तहत डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, स्पॉन्सरशिप स्कीम और डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्शन कमेटी की तिमाही रिव्यू मीटिंग में बोल रहे थे।

मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट महिला एवं बाल विकास अधिकारी तुषार पौनीकर, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी गजानन गोबडे, पुलिस इंस्पेक्टर नंदिनी चानपुरकर, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. अरविंद कुमार वाघमारे, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के साइकोलॉजिकल डिपार्टमेंट की डॉ. स्नेहा शर्मा और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरमैन देवका खोबरागड़े मौजूद थीं। श्री मुल्ला ने कहा कि अगर बच्चों के साथ सेक्सुअल क्राइम, गैर-कानूनी गोद लेने के मामले, बाल विवाह के मामले हों, तो गैर-कानूनी मामलों में साथ देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि समय रहते उन्हें रोका जा सके, और चाइल्ड हेल्प लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर भी संपर्क करें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने अपील की कि समाज में बच्चों के लिए सम्मान और नैतिकता पैदा करना और समाज में फैली गंदी प्रथाओं को खत्म करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, ताकि देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके।





इसका इंट्रोडक्शन डिस्ट्रिक्ट महिला एवं बाल विकास अधिकारी तुषार पौनीकर ने दिया। इंट्रोडक्शन में कहा गया कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत बच्चों के अधिकारों को बरकरार रखते हुए, देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों को संस्थाओं के बजाय परिवार में रखकर उन्हें संस्थाओं से बाहर की योजनाएं दी गई हैं।

इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन कमिटी चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, स्पॉन्सरशिप स्कीम और डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्शन कमिटी का रिव्यू डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर गजानन गोबडे ने किया। जबकि चाइल्ड वेलफेयर कमिटी का रिव्यू चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के चेयरमैन देवका खोबरागड़े ने दिया।

बच्चों के खिलाफसेक्सुअल क्राइम की दर दिन-ब-दिन बढ़ रही है और इस गंभीर स्थिति को कंट्रोल करने के लिए तालुका लेवल, गांव लेवल और स्कूल-कॉलेजों में बड़े पैमाने पर अवेयरनेस प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। दो इनवैलिड एडॉप्शन लेजिस्लेशन प्रोसेस में शामिल लोगों के खिलाफकेस दर्ज किए गए। साल 2025 में, एडमिनिस्ट्रेशन कुल 10 बाल विवाह रोकने में सफल रहा है और बाल विवाह में फंसी लड़कियों को सुरक्षित उनके माता-पिता को सौंप दिया गया है। जिले में 3388 बच्चों को बाल संगोपन स्कीम का फायदा दिया गया है और 467 बच्चों को स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत फायदा दिया गया है। गोंदिया जिले में एक सरकारी चिल्ड्रन ऑब्जर्वेशन होम, एक चिल्ड्रन होम और एक स्पेशल एडॉप्शन इंस्टीट्यूशन, आसरा शिशुगृह है, जिसमें देखभाल और सुरक्षा की ज़रूरत वाले बच्चों को भर्ती कराया जाता है।

जिला महिला और बाल विकास विभाग और इंडियन सोशल वेलफेयर सोसाइटी मिलकर गोंदिया जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 'आपला संकल्प अभियान' चला रहे हैं। इसके लिए जिला कलेक्टर प्रजीत नायर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में सिग्नेचर कैंपेन, नुक्कड़ नाटक और एक रथ का आयोजन किया गया है। यह जानकारी मीटिंग में दी गई।

बैठक में विनोद कुमार माने, ज्ञानेश्वर पटले, अनिल बाम्बोले, अध्यक्ष मनीषा आम्बेडारे, बाल कल्याण समिति सदस्य जयश्री कपगते, अलका बोकड़े, वर्षा हलमारे, जिला बाल संरक्षण सेल के संरक्षण अधिकारी मुकेश पटले, रविद्र टेंभुर्णे (परियोजना समन्वयक) मनीषा चौधरी, मनीषा मोहुर्ले, नरेश लांजेवार, भगवत सूर्यवंशी, रूपेश चुंडुके, धर्मेंद्र भेलावे, पुनेश नाकाड़े, चाइल्ड हेल्पलाइन की पूजा डोंगरे, अजय खोबरागड़े, आनंद रामटेके उपस्थित थे।

# पथरीले शेषनाग गुफा में विराजती हैं मांडोदेवी

## नवरात्रि पर उमड़ता जनसैलाब, घने वन में बसते हैं साक्षात देव..

जगप्रेरणा गणेश भदाडे आमगांव।

*जिले के आमगांव तहसील में सूर्यादव-मांडोदेवी देवस्थान बघेड़ा में हर साल अनेक पर्यटक यहां भक्तिभाव से दर्शन के लिए आते हैं। यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है।*



यह तीर्थस्थल प्रचुर प्राकृतिक संसाधन संपदा और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है. यहां चैत्र नवरात्रि में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है. यह मंदिर आमगांव से लगभग 20 किमी. दूर मुंडीपार-हरदोली मार्ग पर स्थित है. घने जंगल में एक विशाल पत्थर के नीचे मांडोदेवी की मूर्ति है. गुफा में भगवान कृष्ण, अन्नपूर्णा देवी और शिवजी, इसके ठीक बगल में भगवान शंकर की भव्य प्रतिमा है. पूर्व दिशा में हनुमानजी, शंकर-पार्वती, हवनकुंड और कलश भवन के बगल में भगवान सूर्यादेव की मूर्ति है. सूर्यादेव मांडोदेवी मंदिर पूरे महाराष्ट्र में प्रसिद्ध है।

इस तीर्थक्षेत्र के कारण सैकड़ों परिवारों को रोजगार मिला हुआ है. यहां प्रतिवर्ष सावन माह, मकर संक्रात, शिवरात्रि, चैत्र नवरात्रि (राम नवमी), अखण्ड रामायण पाठ, अश्विन नवरात्रि, मंडई यात्रा के आयोजन किए जाते हैं. इस दौरान मध्यप्रदेश, नागपुर, चंद्रपुर, रामटेक, नासिक जिलों से अनेक पर्यटक देवदर्शन को आते हैं. खासकर मकर संक्रात और रामनवमी पर सबसे ज्यादा भीड़ होती है. यहां छोटा-बड़ा विकास भक्तों के दान से होता है, साथ ही यहां काम करने वाले दस कर्मचारी भी दान के रूप में प्राप्त राशि से ही मंदिर का सारा खर्च करते हैं।

## साधु संतों ने किया था भाई-बहनों को मार्गदर्शन..

मध्यप्रदेश राज्य से आए सूर्यादेव ईश्वरकुर्रा और बहन मांडोबाई दुःखी होकर मांडोदेवी क्षेत्र में आ गए थे. तब एक साधु संत ने उन तीन भाई-बहनों को पुण्य का काम करने के लिए मार्गदर्शन किया. इस पर उन्होंने पानी की समस्या के समाधान के लिए एक तालाब खोदने का काम किया. आज भी यह तालाब अस्तित्व में है. तालाब में पानी होने के कारण पशु-पक्षी इसी पानी का उपयोग करते हैं।

# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## नकली सोना बेचकर दुकानदार से की धोखाधडी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/3/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान तिरोडा मे फर्यादी राम मंगेश रेंभे निवासी तिरोडा के तार सेवाला ज्वेलर्स दुकान मे आरोपी महिला रूपा सतिश पवार आई और दुकानदार को पॉलीश लगे गहने असली है बोलकर 30,500 रुपये की धोखाधडी की और दुकान से चली गई। फर्यादी के ध्यान मे आते ही दिये शिकायत पर आरोपी महीला के खिलाफ पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 334/2026 धारा 318,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच मपोऊनी प्रियंका बैस पोस्टे तिरोडा कर रही है।

## मकान के पिछवाडे से घुसकर की चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/3/2026 के 1 बजे के दरम्यान ग्राम मुरपार मे महीला फर्यादी उम्र 48 वर्ष निवासी मुरपार के घर मे घटना के समय अज्ञात चोर ने मकान मे घुसकर टिन के पेटी मे रखे 500 रु के 80 नोट 40 हजार रुपये, सोने के मणी 9 हजार रुपये, नाक की फुल्ली किमत 6 हजार रुपये, कान के टॉप्स किमत 9 हजार रुपये कुल 64 हजार रुपये का माल चोरी होने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 148/2026 धारा 305, अ, 334,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गुणवंत कठाणे 1510 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# जय जय श्रीराम के नारों से गूंजा गोंदिया शहर..

## भगवान श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर रामनगर श्रीराम मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा..

### रामभक्ति में लीन नजर आया गोंदिया, भगवा झंडो से शोभायमान हुआ शहर..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*हिन्दु धर्म के आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव आज 26 मार्च को चैत माह की नवमी को गोंदिया शहर में धुमधाम से मनाया गया। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम रामनगर स्थित श्रीराम मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। श्रीराम जन्मोत्सव पर दोपहर 12 बजे मंदिरों में घंटे*

बजाए गए, साथ ही रामभक्तों की भव्य उपस्थिति में भगवान श्रीराम चंद्र जी की आरती की गई, तथा प्रसाद का वितरण किया गया, वहीं इसके उपरांत दोपहर 3 बजे भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा रामनगर राम मंदिर से निकाली गई, जो कि नगर भ्रमण करते हुए रात लगभग 9 बजे झिरिया मंदिर पहुंची, जहां पर शोभायात्रा का श्रीमारवाड़ी युवक मंडल के प्रतिनिधित्व में महाप्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया।









### आकर्षक झांकियों, बैंड बाजों के साथ निकली शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब..

गौरतलब है कि श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष हेमेन्द्र पोद्दार, गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे, शिवसेना शिंदे गट नेता डॉ. प्रशांत कटरे, सीए राजेश व्यास, आयोजन समिति के सचिव नितिन जिंदल संहित अनेक पदाधिकारियों व राजनीतिक दलों के नेताओं की प्रमुख उपस्थिति के साथ शोभायात्रा श्रीराम मंदिर राम नगर से निकली। शोभायात्रा में आकर्षक व कलात्मक झांकियों के साथ ही बड़ी संख्या में ढोल, ताशे, बैंड बाजे, डीजे की धुन पर भगवा गमछों के साथ युवाओं के कदम थिरकते नजर आए। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, तथा जगह जगह रामभक्तों ने जय जय श्रीराम के नारे लगाकर शोभायात्रा में उत्साह का संचार भी किया।

### जगह जगह किया संस्थाओं और व्यापारियों ने शोभायात्रा का स्वागत..

जब शोभायात्रा निकली, तो हर चौक चौराते पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के साथ ही विभिन्न समाज और व्यापारी वर्ग के लोग भी शोभायात्रा के स्वागत में आतुर दिखाई दिये। जिससे जो बन सका, उसने शोभायात्रा का यथासंभव स्वागत करने का प्रयास किया। इसी क्रम में शोभायात्रा में हजारों की संख्या में आईस्क्रीम, मठा, ठंडे पानी की बॉटल, आलुबोंडे, शरबत, केला, आलुपोहा, जलेबी, तरबुज आदि बड़ी तादाद में बांटे गए, और शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया।

### इन मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा..

गौरतलब है कि शोभायात्रा रामनगर श्रीराम मंदिर से शुरु होकर प्रफुलभाई बंगला, रामनगर बाजार चौक, राम द्वार, माल धक्का, कस्तुर होटल, गुरुद्वारा, गुजराती स्कूल, पाल चौक, एन.एम.डी. कॉलेज, गायत्री मंदिर, रानी अवंतीबाई चौक, बड़ी जेम स्कूल, छोटा पाल चौक, विशाल मेगामार्ट, बस स्टैंड, केसर होटल से होते हुए बड़े पुल, आंबेडकर चौक, सुभाष गार्डन, आर.टी.ओ. ऑफीस, काका चौक, इंगले चौक, हनुमान चौक, नेहरु चौक, खोजा मस्जिद, जैन मंदिर, श्री टॉकीज चौक, गजानन फार्मेसी, शनि मंदिर, विकास मेडिकल, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा, प्रभात टॉकीज, गौरक्षण मार्केट, पानी टंकी से मेठाराम की दुकान से चांदनी चौक, ईसरका मार्केट, बापूजी व्यायाम शाला, यादव चौक, शंकर चौक होते हुए झिरिया मंदिर पहुंची, जहां पर श्री मारवाडी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल के प्रतिनिधित्व में भगवान श्री राम की महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन होगा। शोभायात्रा के समापन अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष हेमेन्द्र पोद्दार ने सकल हिन्दु समाज के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भारतीय खिलाड़ीयों ने विश्व क्रिकेट के पटल पर छोड़ी अमिट छाप..

# सभी समाजों द्वारा क्रिकेट टुर्नामिंट के आयोजन से नये खिलाड़ीयों में उत्साह - पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल

### पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल एवं नगर अध्यक्ष सचिन शेंडे की उपस्थिती में लोधी प्रीमियर लिग क्रिकेट टुर्नामेंट का भव्य शुभारंभ









जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारत दुनिया का क्रिकेट प्रेमी राष्ट्र है और भारतीय खिलाड़ी जैसे कपिल देव-सुनिल गावस्कर-सचिन तेंदुलकर-विराट कोहली जैसे भारतीय खिलाड़ीयों ने विश्व क्रिकेट पटल पर भारतीय छाप छोड़ी है और आज क्रिकेट के क्षेत्र में वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय खिलाड़ीयों ने भारत का सिक्का जमाया है।*

युवाओं को क्रिकेट ने धर्मो-समाजों और भाषाओं से ऊपर उठकर एक साथ लाया है। हर्ष की बात है कि, गोंदिया में लगभग सभी समाजों ने क्रिकेट टुर्नामेंट आयोजित कर नये खिलाड़ीयों को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के अवसर दिए और सभी खिलाड़ीयों ने टुर्नामेंट में बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर उत्साह दिखाया है, ऐसे उद्गार पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने लोधी प्रीमियर लिग के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये।

नगरा अध्यक्ष सचिन शेंडे ने कहा कि, गोंदिया जिले में क्रिकेट खिलाड़ीयों की कमी नहीं है और क्रिकेट के लिए गोंदिया नगर परिषद युवा खिलाड़ीयों की हर संभव मदत का प्रयास करेंगी। पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के नेतृत्व में खिलाड़ीयों को हर संभव सहयोग कर, गोंदिया के युवा खिलाड़ी को देश की राष्ट्रीय टीम तक पहुंचाने के हम प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की उपस्थिती में लोधी समाज के वरिष्ठ श्री पन्नालालजी सहारे का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक दिलीपभाऊ बन्सोडे, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, विशाल अग्रवाल, कृउबास उपसभापति राजकुमार पप्पु पटले, स्पोर्ट टिचर अनिल सहारे, शहर कॉंग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव मनोज पटनायक, अजय गौर सर, वाहाब सर, मुकेश बारई, हरबनसिंग गोलु होरा, आड़तिया-दलाल संघ अध्यक्ष पवन चांगरोडिया, गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन अध्यक्ष किरण कुमार मुंदडा, गुजराती केलवणी मंडल सचिव अजय वडेरा, श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल, श्री महावीर मारवाड़ी शिक्षण संस्था अध्यक्ष सिताराम अग्रवाल, मारवाड़ी युवक मंडल अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल, अजय खंडेलवाल, शिवा अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राजकुमार तिवारी, संदीप राजा गुलाटी, कमल पुरोहित, पार्षद अमर रंगारी, श्रीकांत चांदुरकर, संजु माने, अंकीत जैन, पुरनलाल पाथोड़े सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन अनिल सहारे सर ने किया।

# भगवान श्रीराम जी की शोभायात्रा का राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से किया गया भव्य स्वागत..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर गोंदिया शहर में बड़े धूम धाम व भक्तिमय वातावरण में उत्साह के साथ मनाया जा गया। इसी क्रम में आज 26 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव पर*





गोंदिया शहर, रामनगर स्थित मंदिर से प्रभु श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रभू श्रीराम जी कि शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाविक भक्तों को राम नवमी व नवरात्री की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा मिठाई का वितरण किया गया। भाविक भक्त व पार्टी पदाधिकारीयो द्वारा जय श्रीराम, जय जय श्रीराम का जय घोष किया गया।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com